अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 74,602.12
22,547.55
सोना 89,260
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 26 फरवरी 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2081 27 शाबान 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदार: सना मीर**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# 1984 के दंगों में सज्जन कुमार को मिली उम्रकैद

## बाप-बेटे हत्याकांड में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवम्बर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।

जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। वहीं 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि -शेष पृष्ठ दो पर



**दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत ठहराया था दोषी**

**कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र और बीमारी की वजह से नहीं मिली मौत की सजा**

### अब जगदीश टाइटलर और कमलनाथ की बारी: मनजिंदर सिंह

दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मैं एसआईटी गठित करने और मामले को फिर से खोलने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। ये मामले 35 साल से बंद थे और सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, कमलनाथ जैसे लोग मुख्यमंत्री और सांसद के रूप में खुलेआम घूमते थे। हम मृत्युदंड की उम्मीद कर रहे थे। अब जगदीश टाइटलर और कमल नाथ की बारी है।

### सज्जन को दो आजीवन कारावास बड़ी बात

दिल्ली के एडवोकेट एचएस फूल्का ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि दो आजीवन कारावास भी बहुत बड़ी बात है। जज ने अपने फैसले में लिखा है कि हमारी और सरकार की मांग थी कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाई जाए। मगर वह नहीं दी गई, क्योंकि उनकी उम्र 80 साल है। वे बीमार हैं और खुद को संभाल भी नहीं सकते हैं। यह कानून है कि 80 साल के ऊपर और बीमार व्यक्ति को फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती।

# दिल्ली आबकारी नीति से 2000 करोड़ का नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी, जिसमें दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में विभिन्न अनियमितताओं को रेखांकित करते हुए कठोर टिप्पणियां की गई हैं।

कैग की रिपोर्ट विधानसभा के सत्र के दूसरे दिन सदन के पटल पर रखी गई, जिसमें कहा गया है कि दोषपूर्ण 2021-22 आबकारी नीति के कारण दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ। 'परफॉर्मेंस ऑडिट ऑन रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर इन दिल्ली' शीर्षक इस रिपोर्ट को सदन में विपक्ष की नेता आतिशी सहित आम आदमी पार्टी के 12 विधायकों के निलंबन के बाद पटल पर रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में सिफारिश के लिए गठित विशेषज्ञ समूह के सुझावों को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब के लाइसेंस वापस किए जाने -शेष पृष्ठ दो पर



- **विधानसभा में प्रस्तुत कैग की रिपोर्ट में खुलासा**
- **कोविड की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ की छूट नियमानुसार नहीं थी**

### आतिशी सहित 'आप' के 12 विधायक दिनभर के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में उप-राज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान हंगामे और नारेबाजी के कारण नेता विपक्ष आतिशी, गोपाल राय सहित 12 सदस्यों को दिन-भर के लिए निलंबित कर दिया गया। उप-राज्यपाल के अभिभाषण के शुरू होते ही आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार लोगों की उम्मीदों के प्रति सजग : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान' मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पीयूष गोयल के साथ फोटो शेयर की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ की फोटो एक्स पर शेयर की। तस्वीर में उनके साथ ब्रिटेन के ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स भी नजर आ रहे हैं। शशि की ये पोस्ट तब सामने आई है, जब उनके और कांग्रेस पार्टी के रिश्तों में खटास की खबरें हैं। थरूर ने फोटो कैप्शन में लिखा कि ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड स्टेट सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स के साथ उनके भारतीय समकक्ष वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा। लंबे समय से रुकी हुई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो बहुत स्वागत योग्य है। दरअसल, 23 फरवरी को ही शशि ने कहा था कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद है। हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा था कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते।

# गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। सीएम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसी भी गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा है।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, सरकारी कर्मचारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य की सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्षों में हर जरूरतमंद को इलाज के लिए बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में केवल पार्टी से जुड़े लोगों को ही इलाज के लिए पैसा दिया जाता था। उस दौरान हर कार्य को समाजवादी नाम दिया जाता था, जबकि पैसा सरकारी होता था।

- **कहा: यूपी में 10 करोड़ लोगों को दिया जा रहा आयुष्मान और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ**

# 'आप' विधायक अमानतुल्लाह को मिली अग्रिम जमानत

**पुलिस पर हमले का आरोप, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25,000 के बांड और इतनी ही राशि पर दी राहत**

**नई दिल्ली।** 'आप' के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए 25,000 रुपये के बॉन्ड और इतनी ही राशि पर अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि खान पर जामिया नगर में दिल्ली पुलिस की टीम पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी की घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और आरोप लगाया था कि उन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में घोषित अपराधी को हिरासत से भागने में मदद करते हुए भीड़ का नेतृत्व किया। पुलिस ने कहा कि कथित घटना तब हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाबाज़ खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।

# सपा नेता अब्दुल्ला आजम 17 महीने बाद हरदोई जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। वह काफिले के साथ रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे।

रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की रिहाई हो चुकी है। शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकॉर्ड में -शेष पृष्ठ दो पर




- **आजम खां परिवार को मिली बड़ी राहत**









# मुस्लिम छात्राओं को एग्जाम देने से रोका

जौनपुर, वार्ता



आरोप- हिजाब पहनकर आई थीं, स्कूल में घुसने नहीं दिया

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक मामला सामने आया है, जिसमें हिजाब पहनकर हाईस्कूल की परीक्षा देने गईं चार मुस्लिम छात्राओं को कथित तौर पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोका गया।

यह घटना सर्वोदय इंटर कॉलेज, खुदौली के परीक्षा केंद्र की बताई जा रही है, जो मॉडर्न कान्वेंट स्कूल समेत कई अन्य कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र है। चारों छात्राओं का आरोप था कि वे सोमवार को हिंदी की परीक्षा देने हिजाब पहनकर केंद्र पर गई थीं, जहां चेकिंग पाइंट पर उन्हें हिजाब की वजह से अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके बाद जब ए छात्राएं वापस लौटीं, तो इन्हें देखकर बाकी छह अन्य छात्राओं ने भी परीक्षा छोड़ दी। हालांकि इस मामले पर कॉलेज प्रशासन ने साफ इनकार किया और सभी आरोपों को झूठा बताया। माडर्न कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए कहा कि उनकी खुद की पोती ने भी हिजाब में परीक्षा दी थी और उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। प्रिंसिपल के मुताबिक हिजाब पहनने पर कोई रोक नहीं थी और उनकी पोती ने परीक्षा अच्छे से दी। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि आरोप लगाने वाली छात्राएं मौलवी साहब के घर से थीं और इस वजह से उन्होंने हिजाब हटाने से मना कर दिया। उनका मानना था कि इस मुद्दे को स्कूल प्रशासन के साथ बेहतर संवाद और समझदारी से हल किया जा सकता था। इस मामले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि क्या धार्मिक पहनावे के कारण छात्रों को परीक्षा केंद्र में परेशानी का सामना करना चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी छात्रों को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिले। चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संस्कृति से संबंधित हों। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि धार्मिक मामलों में बातचीत और समझौते की आवश्यकता होती है। छात्र-छात्राओं को यह सिखाया जाना चाहिए कि उनके अधिकारों के लिए लड़ना आवश्यक है, लेकिन उन्हें यह भी समझना चाहिए कि स्कूल और कॉलेजों में नियमों का पालन करना एक समान महत्वपूर्ण है।

## महाशिवरात्रि के बाद शिव बारात निकालना परंपरा से खिलवाड़: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने काशी की परंपरागत शिव बारात की तिथि बदलने पर ऐतराज जताया है। राय ने मंगलवार को कहा कि विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात इस बार शासन-प्रशासन के दबाव में महाशिवरात्रि के एक दिन बाद 27 फरवरी को निकालना काशी की मूल परंपरा से खिलवाड़ है। परंपरा के अनुसार बारात महामृत्युंजय मंदिर, दारानगर से उठकर मैदागिन, बुलानाला, चौक, बाबा धाम गोदौलिया होते हुए चित. रंजन पार्क तक जाती है। वहां वधू-पक्ष भांग ठंडई, माला-फूल से बारातियों की अगवानी करती है। उन्होंने कहा कि नगर में निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात 43वें वर्ष में प्रवेश करेगी। यह काशी की मूल परंपरा आस्था को समेटे हर काशीवासी के हृदय में बसती है।

# दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़

लखनऊ, वार्ता

## बाजार की गिरावट ने मध्य वर्ग के निवेश को लीला



■ सपा प्रमुख ने कहा: डबल इंजन की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें, 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं

सामाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट मध्य वर्ग के निवेश को लील गई है।

यादव ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़ में लगीं 'डबल इंजन' की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें फिर किसी और को आश्वस्त करने के 'ढोंगी इवेंट' करें। कुछ महीनों से निफ्टी के लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ए समाचार छप रहे हैं कि इस वर्ष इंडियन शेयर मार्केट दुनिया के उभरते बाजारों में थाईलैंड व फिलीपीन्स के बाद तीसरा सबसे कमजोर शेयर मार्केट हो गया है। यादव ने कहा कि एक तरफ 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं और दूसरी तरफ जिन्होंने बचत को शेयर में लगा दिया था वो भी कंगाल हो गए हैं, ऐसे हालातों में भी भाजपा सरकार लोगों को गलत बात करके बहलाना-फुसलाना चाहती है। ए आर्थिक ठगी बंद होनी चाहिए। दूसरी ओर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को बुलन्दशहर जाएगा, जहां जाटव समाज के अरूण कुमार की घुड़चढ़ी जब ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने घोड़ी से उतारकर अरूण को तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां मंगलवार को कहा कि बुलन्दशहर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम धमरावली से ग्राम दरियापुर शिकारपुर रोड पर जाटव समाज के अरूण की घुड़चढ़ी हो रही थी, जब घुड़चढ़ी ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने अरूण को घोड़ी से उतारकर तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल बुलन्दशहर पहुंचेगा। चौधरी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण हैं मतलूब अली जिलाध्यक्ष, बुलन्दशहर, योगेश वर्मा पूर्व विधायक, राहुल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष, समा. जवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, डा. हरेन्द्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, महेन्द्र बाल्मीकि पूर्व विधायक, हाजी अख्तर विशेष आमंत्रित सदस्य, समाजवादी पार्टी, फिरे सिंह प्रजापति प्रदेश सचिव, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कुलदीप प्रधान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं जाकिर उर्फ बब्लू विधानसभा अध्यक्ष, बुलन्दशहर।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंह ने महाशिवरात्रि के मौके पर लोगों को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सिंह ने मंगलवार को कहा कि यह पर्व भगवान शिव की आराधना, साधना और भक्ति का प्रतीक है, जो हमे आत्मचिंतन, शुद्धता और अध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव, जिन्हें आदियोगी और विश्व के कल्याणकारी देवता के रूप में जाना जाता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह त्योहार आपके जीवन में बुराई से दूर रहने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को बनाए रखने की प्रेरणा दे।

### सम्भल में 46 साल बाद खोला गया शिव मंदिर

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के सम्भल में 46 साल से बंद मंदिर को खोला गया है। हिंदू संगठन के लोगों ने मंदिर में जलाभिषेक किया। साथ ही लोगों ने कहा कि भगवान शिव के मंदिर में 46 साल से जलाभिषेक नहीं किया था। मंदिर बंद होने के कारण लोग पूजा-अर्जना नहीं कर पा रहे थे। हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि महा. शिवरात्रि पर मंदिर में जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से भारी संख्या में लोग आ सकते हैं। सम्भल के खगूसराय का प्राचीन कार्तिक शिव मंदिर 46 साल से बंद था, लेकिन अब उसे खोल दिया गया है।

### तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र की त्रि-भाषा नीति के खिलाफ एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा के लिए पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी। तमिलनाडु, जो परिवार नियोजन को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है, परिसीमन में 39 संसदीय सीटों में से आठ खो देगा। स्टालिन ने कहा कि इसका मतलब है कि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे कुल निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 31 रह जाएगी।

## निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई

# उप्र शिक्षक भर्ती में हुआ बड़ा घोटाला

नई दिल्ली, वार्ता



■ संविधान का उल्लंघन में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए: कांग्रेस
■ राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही

कांग्रेस ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षित वर्ग के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है और उनके लिए निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई है, जो संविधान का उल्लंघन है, इसलिए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उप्र सरकार द्वारा की जा रही इस शिक्षक भर्ती को बड़ा घोटाला बताया और कहा कि राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही है और उन्हें मानकों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का एक नया घोटाला सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों में एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। इन आरक्षित सीटों में बाकी 15,863 सीटों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों को नौकरी दी गई। यह फैसला संविधान में दिए गए आरक्षण पर हमला है और सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

उप्र में 69,000 शिक्षक भर्ती में लिया गया यह फैसला संविधान और आरक्षण के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलित, अनुसू. चत समाज, ओबी ओबीसी समाज के लोगों को नौकरी से वंचित रखने का काम कर रही है। इस फैसले के खिलाफ जिन छात्रों और शिक्षकों ने आवाज उठाई, उन्हें भी सरकार ने दबाने और कुचलने का काम किया। बाबा साहेब अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी, लेकिन सरकार लोगों को इससे वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई हमारे नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं। हमारे नेता लगातार सामाजिक न्याय, हिस्सेदारी, जातिगत जनगणना की बात करते रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी हमेशा वंचित वर्ग के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। कांग्रेस पार्टी इस भर्ती घोटाले में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग करती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आरक्षित वर्गों की 18,500 खाली सीटों पर दलित समाज, जनजाति समाज और ओबीसी समाज से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाए, जो अभ्यर्थी इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन पर हो रहे अत्याचार और दमन पर रोक लगे, उनको भी न्याय मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इस घोटाले में लाखों युवाओं के अधिक. ारों पर प्रहार हो रहा है, उनके सपनों को तोड़ा जा रहा है। कई साल मेहनत कर युवा नौकरी पाने का प्रयास करते हैं, लेकिन इनको रोजगार नहीं मिल रहा है। इन्हें जल्द से जल्द न्याय मिले, रोजगार मिले।

## कमजोर वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति में हुई है बड़ी कटौती: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक उन्हें पर्याप्त संरक्षण नहीं मिलेगा वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। खड़गे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती तो की है साथ ही औसतम साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि जब तक देश के कमज़ोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे। आपका 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा, रोज़ाना कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

# केन्द्र की नई कृषि नीति को रद्द करने का प्रस्ताव पास

चंड़ीगढ़, वार्ता



■ पंजाब विधानसभा में सीएम मान ने बताया किसान विरोधी
■ कहा: तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास


भगवंत मान सरकार ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि विधेयक को निरस्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे विधायकों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

राज्य सरकार ने पिछले महीने ही केंद्र सरकार की इस नीति पर विरोध जताया था। भगवंत मान सरकार का कहना है कि यह नीति 2021 में रद्द किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास है। वहीं पंजाब विधानसभा से केंद्र सरकार के कृषि पर पालिसी का ड्राफ्ट को रद्द करने का प्रस्ताव पास हो गया है। इसको लेकर शंभू बार्डर पर अपनी मांगों के लेकर बैठे किसान संगठनों की ओर से भी पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जा रहा था। बीते दिन किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश नेता सरवन सिंह पंधेर ने नई मंडी नीति के मसौदे के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर इसका विरोध करने की मांग की थी। पंजाब सरकार का कहना है कि केंद्र की कृषि मार्केटिंग नीति किसान विरोधी है। केंद्र सरकार पुराने तीन कृषि कानूनों की जगह इसे लाकर किसानों को धोखा देना चाहती है। भगवंत मान सरकार ने पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया था। इसके दूसरे दिन यह प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि इस दौरान बीजेपी के दो विधायक सदन से अनुपस्थित रहे। किसान संगठनों ने सरकार की नई कृषि नीति के मसौदे का विरोध भी किया था। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार की नई नीति रद्द किए गए तीन कृषि कानूनों को नए तरीके से लागू करने की को. शिश है। यह किसानों को कतई मंजूर नहीं है। नए कृषि बिल में भी पुराने प्रावधान को दोहराया गया है। इस कानून में किसानों को एपीएमसी मंडियों के बाहर भी अपनी उपज बेचने की अनुमति दी गई थी।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत, सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी फिसला

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स में तेजी लौट आई, वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत लुढ़ककर 39,831.17 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत कमजोर रहकर 45,052.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4062 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1678 में लिवाली जबकि 2253 में बिकवाली हुई, वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई के सात समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.04, एफएमसीजी 0.26, दूरसंचार 0.66, ऑटो 0.43, बैंकिंग 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.37 और टेक समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, कमोडिटीज 0.98, ऊर्जा 1.10, इंडस्ट्रियल्स 0.71, आईटी 0.59, कैपिटल गुड्स 0.62, धातु 1.69, तेल एवं गैस 1.34, रियल्टी 1.27, सर्विसेज 1.27 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43 और जर्मनी के डैक्स में 0.05 प्रतिशत की तेजी रही जबकि जापान का निक्केई 1.39, हांगकांग का हैंगसेंग 1.32 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 14 अंक फिसलकर 74,440.30 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,400.37 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 74,785.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,454.41 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत बढ़कर 74,602.12 अंक हो गया। वहीं, निफ्टी 37 अंक गिरकर 22,516.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,513.90 अंक के निचले, जबकि 22,625.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,553.35 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.61, भारती एयरटेल 2.55, बजाज फाइनेंस 1.65, जोमैटो 1.37, नेस्ले इंडिया 1.34, बजाज फिनसर्व 0.99, अडानी पोर्ट्स 0.92, मारुति 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.80, टाइटन 0.80, आईटीसी 0.75, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.47, इंडसइंड बैंक 0.40, इंफोसिस 0.23, कोटक बैंक 0.14 और एक्सिस बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल है। वहीं सन फार्मा 1.58, पावरग्रिड 1.25, टीसीएस 1.19, टेक महिंद्रा 1.15, एशियन पेंट 1.04, टाटा मोटर्स 0.97, एलटी 0.93, अल्ट्रासिम्को 0.93, रिलायंस 0.89, एसबीआई 0.75, एचसीएल टेक 0.46, टाटा स्टील 0.44 और एनटीपीसी के शेयर 0.36 प्रतिशत गिरावट पर रहीं।

## अर्थ व्यापार

# उठाव बढ़ने से सरसों और वनस्पति तेल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



■ गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और वनस्पति तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा नौ रिंगिट फिसलकर 4722 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.35 सेंट की तेजी के साथ 46.65 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 365 रुपए और वनस्पति तेल 292 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:-

दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**1984 के दंगों...** हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे सज्जन कुमार पर 1984 में एक और दो नवम्बर को दिल्ली की पालम कालोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में भी आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। ट्रायल कोर्ट ने कुमार को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक और अपील लंबित है, जबकि चौथे मामले में दिल्ली की एक अदालत वर्तमान में सुनवाई कर रही है। सिख नेता गुरलाद सिंह ने कहा कि हमें मौत की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। हम अदालत के फैसले से खुश नहीं हैं। हम सरकार से अपील करेंगे कि वे उच्च न्यायालय जाएं और सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की घोषणा करें।

**दिल्ली आबकारी नीति...** और शराब जोन की निविदा पुन: जारी करने के मामले में आबकारी विभाग की विफलता के कारण विभाग को 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ रुपये की छूट नियमानुसार नहीं थी। छूट के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की आपत्तियों के बावजूद श्री सिसोदिया ने व्यक्तिगत रूप से इसकी मंजूरी दी थी। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पिछली आप सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि 2017-18 के बाद विधानसभा में कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश ही नहीं की गई। राज्य की वित्तीय स्थिति की जानकारी के लिए इसकी बहुत जरूरत होती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने कैग की रिपोर्ट पेश नहीं की और इस तरह संविधान का उल्लंघन किया।

**आतिशी सहित...** भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू किया। आप के विधायक ने 'जय भीम और बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा' हिंदुस्तान के नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुरू में जनरैल सिंह, विशेष रवि, अनिल झा, सोमदत्त, संजीव झा को निलंबित किया। नारेबाजी नहीं रुकने पर उन्होंने सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह धिगान, मुकेश अहलावत, कुलदीप, जुबैर अहमद, आतिशी, गोपाल राय को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया।

**सपा नेता...** हेराफेरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डा. तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब 5 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में 9 मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया था, जिसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है, जो कि इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी वर्ष 1947- 48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे और यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में सन 2006 में भारत सरकार के कस्टोडियन विभाग के अंतर्गत दर्ज कर ली गई थी। रिकॉर्ड की जांच करने पर यह मामला प्रकाश में आया कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में जालसाजी कर शत्रु संपत्ति को हेराफेरी करने के लिए आफाक अहमद का नाम गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अंकित कर दिया गया था तथा रिकॉर्ड के पन्ने फटे हुए पाए गए थे। इस मामले में विवेचना के बाद सपा नेता आजम खां, पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, बहन निकहत अखलाक समेत ट्रस्ट के पदा. धिकारियों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में आजम की पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बड़े बेटे अदीब आजम व बहन निकहत अखलाक को कोर्ट ने सोमवार तक की अंतर्ि. रम जमानत दी थी। सोमवार को तीनों एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में हाजिर हुए।

## प्रेमिका व परिवार के चार लोगों की हत्या, मां गंभीर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के वेंजारामूडू में सोमवार शाम 23 साल के युवक ने 5 लोगों की हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी प्रेमिका, भाई, दादी, चाचा और चाची की चाकू-हथौड़ा से बेरहमी से हत्या की। इसके बाद आरोपी ने मां पर हमला कर उन्हें भी मारने की कोशिश की। युवक ने पूरी प्लानिंग के साथ तीन अलग-अलग जगह पर घटना को अंजाम दिया। फिर वेंजारामूडू पुलिस थाने जाकर सरेंडर किया और अपराध कबूला।

थाने में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी मां, प्रेमिका समेत 6 लोगों की हत्या की है। आरोपी का नाम अफ्फान है। पुलिस ने अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जिसमें आरोपी का भाई अहसन, दादी सलमा बीवी, चाचा लतीफ, चाची शाहिदा और उसकी प्रेमिका फरशाना शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ 2 पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक की भिड़ंत में सास और दामाद की मौत

## ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल भेजकर पुलिस को दी घटना की सूचना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को बागपत रोड पर रघुनाथपुर गांव के पास अचानक से यमराज आ गए और धौलडी की तरफ से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक पर बैठे दो व्यक्ति जिसमें एक महिला थी को जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे बाइक सवार महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तभी राहग. ीर और गांव वालों ने थाना पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने और ग्रामीणों ने घायलों को सुभारती अस्पताल भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला और एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार खानपुर निवासी सुनील पुत्र राजकुमार अपनी सास हरवीरी पत्नी बृजपाल निवासी परीक्षितगढ़ और अपने जीजा सोनपाल पुत्र नेम सिंह ग्राम ढिडाला परतापुर तीनों एक ही बाइक पर सवार थे और बागपत से रिश्तेदारी में से आ रहे थे जैसे ही वह रघुनाथपुर धौलडी मोड़ के पास पहुंचे तो धौलडी की तरफ से आ रही है ट्रैक्टर ट्रॉली से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई जहां बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मौके से ही फरार हो गया तभी राहगीरों ने थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया जहां सुनील और उसकी सास हरवीरी की उपचार के दौरान मौत हो गई और सोनपाल की हालत नाजुक है उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने हरवीरी और सुनील का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में को. हराम मच गया वह स्थानीय गांव वालों का कहना है की धौलडी मोड़ और कई घटना घट चुकी है ट्रैक्टर ट्रॉली ट्रक आदि और लोड भरकर आते हैं स्पीड ब्रेकर लगाने की ग्रामीणों ने मांग की है लेकिन आज तक किसी ने कोई सुध नहीं ली।

## भगवान शिव मंदिर में की शिवलिंग की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को फतेउलापुर में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर नव निर्मित भगवान महाकालेश्वर शिव मन्दिर में शिव पार्वती एवं नंदी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा कर शिव लिंग की स्थापना की गयी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने समारोह की पूजा संत रामानंद महाराज, संत त्रिलोकी ने सम्पन्न करायी। डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि भगवान शिव देवों के देव महादेव के सबसे बड़े आदर्श है। समाज के कल्याण हेतू विष को भी कंठ में धारण कर मानव कल्याण हेतू शिव बारात नाम ही सामाजिक एकता समरसता का सबसे बड़ा संदेश है। महाशिवरात्रि बुधवार को मंदिर में भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा। उद्घाटन कर्ता भाजपा नेता डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी, रामानंद जी महाराज, त्रिलो. की नाथ महाराज, मुख्य आयोजक गंगा प्रसाद, राजकुमार शर्मा दायमपुर, संतराम बौद्ध, ओमपाल, भोले वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# दंपति ने व्यापार शुरू करने के लिए मकान मालिक के घर की थी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र खड़ौली में बीते सप्ताह जन सेवा केंद्र संचालक के घर पर किराएदार ने पत्नी के साथ मिलकर 21 फरवरी को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी चोरी के पैसों से बिजनेस शुरू करना चाहता था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दंपती मौके से भाग गए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए मुक. दमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दंपती को सोमवार रात लाला मोहम्मदपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुलिस ने पुलिस लाइन में आरोपी दंपती को प्रेस के सामने प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। हाईवे स्थित खड़ौली गांव निवासी आस मोहम्मद पुत्र शमसुद्दीन ने चार दिन पूर्व थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसका गांव में ही जन सेवा केंद्र है। वहीं उनके मकान में ग्राम मोहरका पट्टी तिगरी थाना गजरौला जिला अमरोहा निवासी साजिद अंसारी पुत्र शाहिद अपनी पत्नी शबाना के साथ लगभग एक साल से किराए पर रह रहा था। ई रिक्शा चलाने का काम करता था। पीड़ित के अनुसार 21 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ मुजफ्फरनगर के मोरना में शादी में शामिल होने के लिए गए थे। रात के समय वह वापस घर लौटे तो देखा कि कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा था। सारा सामान कमरे में इधर-उधर बिखरा हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। इस दौरान किराएदार अपने परिवार के साथ गायब था। इस दौरान गणपति ने लगभग 10 लाख रुपए कीमत के नगदी व जेवर चोरी लिए थे। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज का आरोपी दंपती की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार शाम पुलिस ने आरोपियों को लाला मोहम्मदपुर रोड से हिरासत में ले लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 हजार रुपए नगद, एक जोड़ी पायल, दो झूमर, दो जोड़ी झुमकी, पांच गले के हार, सवा रुपया चांदी का सिक्का, एक पेंडल, छह कंगन, तीन हथफूल, 23 अंगूठी, दो जोड़ी पैरों के छल्ले, दो घड़ी व एक जोड़ी कुंडल मिले। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि सीसीटीवी के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## भाजपाइयों ने की शिवभक्तों की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हर हर महादेव हरिद्वार से पैदल जल लेकर आ रहे शिव भक्त कावड़ियों की सेवा करते दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, पार्षद विक्रांत ढाका, डॉ. विजय शर्मा, रूपक चौधरी, अंकित विहान, अनुज वालिया, सूरज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## पति पर मारपीट का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हापुड़ रोड की महिला शमीम पत्नी विरासत ने कलक्ट्रेट में बताया कि सोमवार की रात उसके पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का कहना था कि वह डीएम से शिकायत करने पहुंची है और उसे सजा दिलाएगी।

## पार्षदों ने डीएम को समस्याओं का सौंपा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्वदलीय पार्षद दल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक पत्र दिया। जिसमें पार्षदगण गफ्फार, साबिक पार्षद, सदस्य कार्य कारिणी, महफूज गुड्डू खान पूर्व पार्षद, फजल करीम पार्षद, सदस्य कार्यकारिणी, रिजवान अंसारी, शाहिद अंसारी, कुलदीप उर्फ कीर्ति घोपला, भूपेंद्र पाल, प्रदीप वर्मा, रेशमा दिलशाद, महसर गुड्डू अंसारी, गुड्डी अफजाल आदि मौजूद रहे।

# वेंकटेश्वरा लायंस बना लीजैंड लीग क्रिकेट का चैम्पियन

## लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्रॉफी के साथ दिया दस लाख का नकद पुरस्कार






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में पिछले दस दिनों से लखनऊ में चली आ रही राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बाल क्रिकेट लीग लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025 एलएलसी टेन-10 का ओवर आल चैम्पियन बनने पर वेंकटेश्वरा लायंस टीम का संस्थान परिसर में जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा इस जीत से गदगद इनामी राशि दस लाख के साथ अलग से समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने पांच लाख रूपये टीम को अपनी ओर से प्रदान किये। मशहूर पाशर्व गायक विजय प्रकाश ने इस अवसर पर बालीवुड के एक से एक बढ़कर एक तराने पेश कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने आई.पी.एस. अमित कुमार आनंद एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

लीजैंड लीग क्रिकेट-2025 के बारे में विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि लखनऊ के ऐतिहासिक के. डी. सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दस दिनों चलने वाले दस-दस ओवर वाली इस लीजैंड लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनके मुख्य चयनकर्ता पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा एवं इस लीग के कमिश्नर दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जोंटी रोड्स थे। इसके साथ ही हरभजन सिंह, क्रिस गेल, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, आदि विश्व के दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज में चीफ कोच- मेंटर की भूमिका में रहे। बेहद रोमांचक इस सीरीज में वेंकटेश्वरा के शेरों ने सेमीफाइनल तक कोई भी मैच न हारने वाली ब्रज वारियर मथुरा को 6 विकेट से हराकर चैम्पियन ट्रॉफी-2025 अपने नाम कर ली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि के साथ मिलकर टीम को दस लाख रूपये, मैन ऑफ द सीरीज को चमचमाती निशान कार, 12 खिलाड़ियों को इलेक्ट्रॉनिक बाइक के साथ करोड़ों रूपये के इनाम प्रदान किये। फाइनल में मशहूर सिंगर कैलाश खेर के गानों पर सभी टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम में झूमते नजर आये। संस्थान परिसर में वेंकटेश्वरा लायंस टीम के स्वागत समारोह में सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य टीम कोच अमन लिट, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलपति प्रो. डॉ. कृष्णकान्त दवे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. शिल्पा रैना, अरुण गोस्वामी, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. आशुतोष, डॉ. टी.पी. सिंह, डॉ. राजवर्धन, डॉ. विश्वनाथ झा, डॉ. सर्वानन्द साहू, मारूफ चौधरी, सौमिक बनर्जी, तरुण काम्बोज, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आयुक्त व जिलाधिकारी ने किया बाबा औघड़नाथ मंदिर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद व जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा बाबा औघड़नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली सुरक्षा, स्ट्रीट लाईट, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, चिकित्सा कैम्प आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त व जिलाधिकारी ने बाबा औघड़नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार रहे।

### कल राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस में करेंगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिलाओ के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानो को समाप्त करने, महिलाओ की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओ पर होने वाले अत्याचारो एवं अपराधो पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीडन की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा 27 फरवरी को 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### अवैध कट बंद करने का किया जाए कार्य: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में रखे गये प्रकरणो पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुल 19 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। डीएम द्वारा बिन्दुवार समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि हेल्मेट लगाये जाने जनजागरूकता के संबंध में शासन से प्राप्त पत्र के क्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी दिये गये निर्देशो का शत्-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये। अपर जिलाधिकारी नगर व जिला पूर्ति अधिकारी संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करें कि पैट्रोल पम्प पर हेल्मेट के संबंध में दिये गये निर्देशो का शत्-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो रहा है, उन्होंने कहा कि जो भी पेट्रोल पम्प दिये गये निर्देशो का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मार्गों पर अवैध कट चिन्हित कर पूर्णतः बंद कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। गढ़ रोड पर सड़क मरम्मत, गड्ढे आदि के संबंध में लगातार शिकायते प्राप्त होने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग कार्यवाही सुनिश्चित करें। सड़क मरम्मत और गड्ढो के कारण यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित फर्म जिम्मेदार होगी।

## मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी करने वाले उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के खिलाफ सपाइयों का हल्ला बोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रदर्शन कलेक्ट्रेट पर किया गया। जिसमें डीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

सपाइयों का कहना था कि उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण विभाग स्वास्थ्य के मंत्री और उपमुख्यमंत्री ने मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी की है उनकी बात मानते हो तो उनकी दुष्कर्म की बात भी मान लो। उन्होंने कहा कि पूरे देश में दो ही व्यक्तियों को नेताजी की उपाधि दी गई है पहले आजाद हिंद फौज के संरक्षक सुभाष चंद्र बोस और दूसरे उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव हैं। उनके खिलाफ अपमानित शब्द बोले गये हैं जिसे सपाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा बेरोजगारी रोक नहीं पा रही है कानून व्यवस्था धड़ाम हो गई है इस तरह के बयान देकर वह दूसरों का अपमान करने में लगे है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री को तत्काल हटाने की मांग की है। इस दौरान कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह, अमित शर्मा, एहतेशाम इलाही, नेहा गौड आदि सदस्य मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं में दिखी खींचतान, आपस में भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यह पहली बार नहीं है कि सपाई प्रदर्शन करने कलक्ट्रेट पहुंचे हो और कार्यकर्ता एक दूसरे से भिड़े न हो। मंगलवार को भी ऐसा नजारा देखने को मिला जहां फोटो खींचवाने की होड़ में सपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी पीछे छोड़ दिया। अब तक कांगेस कार्यकर्ता ही मीडियाकर्मियों के कैमरे के सामने आने के लिए एक दूसरे से भिड़ जाया करते थे। अब सपा नेता भी इसी क्रम में आ गये है। ज्ञापन देने के बाद कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आये। कुद सदस्य तो कह रहे थे कि हमें प्रदर्शन में बुलाया ही क्यों है।

## 31 मार्च तक होंगा निर्माण श्रमिक योजना का आवेदन एवं श्रमिक नवीनीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सहायक श्रमायुक्त मेरठ क्षेत्र मेरठ अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि श्रम विभाग के अधीन उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अंतर्गत निर्माण से संबंधी 40 प्रकार के श्रमिको का पंजीयन, नवीनी करण व योजना का ओवदन जन सेवा केन्द्र के माध्यम से किया जाता है। पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जो दिनांक 9 फरवरी 2024 से वेबपोर्टल बंद होने के कारण श्रमिक नवीनीकरण, योजना के आवेदन नहीं कर पाये तथा योजनान्तर्गत प्राविधानित समय सीमा पोर्टल बंद होने की अवधि में समाप्त हो गई है, उन्हें श्रमिक नवीनीकरण एवं योजना आवेदन हेतु 31 मार्च 2025 तक छूट प्रदान करते हुये वेबपोर्टल पर प्रावधान कर दिये गये है। ऐसे समस्त निर्माण श्रमिक 31 मार्च 2025 तक योजना का आवेदन एवं श्रमिक नवीनी करण अवश्य करा लें।

## फाल्गुन मास में 8वें कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

### वेद पावर इलेक्ट्रिकल कंपनी ने लगाया कांवड़ सेवा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** फाल्गुन मास की कांवड़ यात्रा में हरिद्वार से गंगा जल लेकर शिवालयों की ओर बढ़ रहें हैं। बुधवार को महा शिवरात्रि का पर्व है। सोमवार को हाईवे स्थित वृंदावन गार्डन कॉलोनी के बाहर एनएच-58 पर वेदप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आठवां कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में शिवभक्तों के लिए सभी व्यवस्था की गई है। वीडियो कॉल द्वारा शिविर का श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला, एवं डॉ. राजीव भारद्वाज ने शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान शिव की अराधना की गई। अतिथियों ने शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया। शिविर में विश्राम की व्यवस्था, जल व्यवस्था, चाय की व्यवस्था व कांवड़ झुलाने की व्यवस्था आदि की गई है। इस दौरान विनीत शर्मा, मुकेश कुमार, गौरव शर्मा, अर्जुन सिंह, पंडित जनेश्वर शर्मा, प्रदीप, अंकुर भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव का हुआ मतदान, अधिवक्ताओं में दिखा जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव का मतदान मंगलवार को पूरा हो गया। सुबह से ही चुनाव अधिकारियों मे मोर्चा संभालते हुए प्रक्रिया को पूरी किया। जिसके बाद मतदान कराया गया। बतादें कि चुनाव में जोशी व त्यागी दो पैनल मैदान में थे। 10 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 5 बजे पूरा हो गया। इस बीच दोनों पैनल के समर्थकों ने अपने पैनल को जीताने के लिए वोट की अपील की। जिला बार में लगभग 700 वोटर है जिन्हे अपने मत का प्रयोग करना था। युवा अधिवक्ताओं में वोट डालने को लेकर भारी उत्साह देखा गया। लंबी कतारों में खड़े पैनल के समर्थक हर वोट डालने के लिए जाने वाले वोटर को लुभा रहे थे। शाम पांच बजे के बाद चाय की चुस्की के साथ अधिवक्ताओं में अलग-अलग चर्चा देखी गई। कुछ जोशी पैनल को आगे बता रहे थे तो कुछ त्यागी पैनल को नतीजे से बाद सक कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

## जैन समाज की महिलाओं ने मृतक के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की रखी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत जनपद बागपत में 28 जनवरी को आयोजित तीर्थकर आदिनाथ भगवान जी के मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव के दौरान मानस्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के दौरान मंच से नीचे गिर जाने के कारण सात श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी। कई श्रद्धालु इसमें बुरी तरह हताहत हुए हैं और दो श्रद्धालुओं की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। जैन समाज बड़ौत और भारतीय जैन मिलन के द्वारा भी सरकार से सहायता की मांग की जा रही है परंतु एक माह होने को आया है और किसी तरह की कोई सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा समय-समय पर ऐसी असामयिक विपदाओं में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती रही है। उन्होंने मांग की है कि बड़ौत दुर्घटना के विषय में संज्ञान लेकर मृतकों के परिजनों और घायलों को उचित सहायता प्रदान की जाये।

## सुभारती विवि में आज होगा दो दिवसीय महारोजगार मेले का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में गुरुवार यानि आज व शुक्रवार को दो दिवसीय महारोजगार मेले का वृहद स्तर पर आयोजन होने जा रहा है। मेले के लिए विश्वविद्यालय में तैयारियों अंतिम दौर में चल रही है।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के.थपलियाल ने ट्रेनिंग प्लेसमेंट एवं इंडस्ट्री इंटरफेस डिपार्टमेंट के डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा एवं सेवायोजन कार्यालय के अपर सांख्यिकीय अधिकारी प्रेमचंद के साथ महारोजगार मेले की तैयारियों के बारे में वार्ता की। महारोजगार मेले में एसबीआई लाइफ, बजाज मोटर्स लिमिटेड, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मैकडॉनल्ड्स, अपोलो हॉस्पिटल, टाटा 1 एमजी, इमेज इन्फो सिस्टम, हिरेजी एचआर इन्फोसोल्यूशन, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, एन्को इंजीनियर्स कंबाइन प्राइवेट लिमिटेड, एसकेएच ग्रुप, डॉ. रेडीज फाउंडेशन, ऑटो इग्निशन लिमिटेड, मल्टीमैक्स इंजी. नियरिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, आईजीटी सॉल्यूशंस आदि सहित देश विदेश की लगभग 100 प्रतिष्ठित कम्पनियां विद्यार्थियों का चयन करने आएंगी। महारोजगार मेले के प्रथम दिन गुरुवार को बीबीए, एमबीए बी. कॉम, एम.कॉम, बीए, एमए, बी. एससी., एमएससी, बीएनवाईएस, बीसीए, एमसीए, डिप्लोमा बीटेक सीएस आईटी, एमबीए, कृषि, बी. फार्मेसी सहित सभी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स के विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन शुक्रवार को 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉली टेक्निक डिप्लोमा बीटेक। एम ई.ई सी.ई ई.सी ई के विद्यार्थियों का चयन होगा।

इस महारोजगार मेले की विशेषता कंपनी एवं प्रतिभागी विद्यार्थी का सीधा संपर्क होने के साथ प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता है। इच्छुक विद्यार्थी प्रतिभाग करने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करके पंजीकरण कर सकते हैं। या सीधे विवि पहुंच प्रतिभाग कर सकते है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग प्लेसमेंट एवं इंडस्ट्री इंटरफेस डिपार्टमेंट के नंबर 9639010323 पर संपर्क कर सकते है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किठौर थाना घेरा

## ट्यूबवेल व कृषि यंत्र चोरी, किसान के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को किठौर थाने का घेराव किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर किठौर कोतवाली में पहुंचे। जहां किसानों ने क्षेत्र में ट्यूबवेल चोरी, कृषि यंत्र चोरी, किसान के साथ अभद्र व्यवहार आदि समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान सीओ किठौर प्रमोद सिंह और थाना ब्रजेश कुमार पांडेय किसानों के बीच पहुंच गए और किसानों से उनकी समस्याओं को जाना। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि थाने में ट्यूबवेल चोरी, कृषि यंत्र चोरी की रिपोर्ट दर्ज पिछले कुछ माह से हो रही हैं। बार बार अधिकारियों से कहा जा रहा है परंतु पुलिस मुकदमे दर्ज नहीं कर रही है,




उल्टा जो किसान चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंचते है उन्हें थाने से भगाया जा रहा है। बस पुलिस गुड वर्क के चक्कर में बोरी पैर से बांध कर मुठभेड़ के फोटो खींचा रही है। भारतीय किसान यूनियन नेता ने कहा कि किसानों के साथ पुलिस के इस व्यवहार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत सहन नहीं करेगा। या तो उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा हमें जेल भेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम अन्याय नहीं सहेंगे। इसी बीच हापुड़ के कार्यकर्ता की समस्या को लेकर जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा भी पहुंचे। सभी समस्याओं के निस्तारण एक सप्ताह में निस्तारित करने का आश्वासन किठौर सीओ प्रमोद सिंह से ने दिया। इस पर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे देशपाल हुड्डा से अनुमति लेकर धरना प्रदर्शन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए सभी किसानों से शांतिपूर्ण तरीके अपने घर जाने का निवेदन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान दिनेश खेड़ा, अनूप यादव, मोंटी, प्रिंस, सत्येंद्र, संदीप, इलम, अरुण, मोहित, माजिद, अभिषेक, विपिन गुर्जर, छोटू आदि मौजूद रहे।

# महाकालेश्वर शिव मंदिर में की गई शिव-पार्वती व नंदी बाबा की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर मंगलवार को फतेउलापुर में नव निर्मित भगवान महाकालेश्वर शिव मन्दिर में शिव पार्वती एवं नंदी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा कर शिव लिंग की स्थापना की गई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य यजमान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी रहे। प्राण प्रतिष्ठा की पूजा पूज्य संत रामानंद जी महाराज व संत त्रिलोकी ने सम्पन्न कराई। इस अवसर पर डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि भगवान शिव समरसता के सबसे बड़े आदर्श हैं। समाज के कल्याण हेतु विष को भी कंठ में धारण करते है शिव बारात नाम ही सामाजिक एकता व समरसता का सबसे बड़ा संदेश है। शिव से बड़ा कोई नहीं है। मंदिर में आज बुधवार को प्रात: 6.30 बजे से जलाभिषेक शुरू हो होगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उद्घाटन कर्ता भाजपा नेता डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी, रामानंदजी महाराज, त्रिलोकी नाथ महाराज, मुख्य आयोजक गंगा प्रसाद, राजकुमार शर्मा दायमपुर, संतराम बौद्ध, ओमपाल, भोले वाल्मीकि, वेद प्रकाश लोधी, दीपचंद, प्रमोद कुमार, मनोज शर्मा, जगत सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी कोतवाली, सिटी मजिस्ट्रेट मेरठ, बिजली विभाग, नगर निगम के अधिकारियों व थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा संयुक्त रूप से आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, रमजान, ईद-उल-फितर व होली के दृष्टिगत क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। बिजली की व्यवस्था, साफ सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए संबंधित को अवगत कराया गया।

# सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची मीडिया 11

- आजम रिजवी बने मैंन ऑफ द मैच, तीन ओवर में 24 रन देकर लिए तीन विकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मंगलवार को सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का हाजी मोहम्मद अली व हाजी जावेद द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पहला मैच डॉक्टर लीजेंड व व्यापारी कॉरपोरेट के बीच खेला गया जिसमें कॉरपोरेट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट पर 124 रन का स्कोर बनाया। जवाब में डॉक्टर लीजेंड ने चार विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच मीडिया इलेवन व नेतागण के बीच खेला गया जिसमें मीडिया इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 144 रन बनाए जिसमें मास्टर आशू ने 19 रन, ताज मोहम्मद 32 रन, अमित ने 12 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेतागण की टीम 15 ओवर में सात विकेट पर




116 रन ही बना सकी और मीडिया इलेवन ने मैच 28 रन से जीत लिया। मीडिया इलेवन के गेंदबाज आजम रिजवी ने तीन ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। मैच के आयोजक हाजी जावेद व शमशाद रिजवी ने आजम रिजवी को ट्रॉफी देते हुए सम्मानित किया। बुधवार को इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच मीडिया इलेवन व डॉक्टर लीजेंड के बीच खेला जाएगा। इस दौरान आयोजक हाजी जावेद के अलावा मास्टर आशू, गौरव गुप्ता, नायाब रिजवी, मनिंदर विहान, अनिल फौजी, मोहन सैनी, यादराम जाटव, साईम रिजवी, कामिल, इकबाल मलिक, सुहैब रिजवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गढ़ रोड पर एमएसटी बसों का संचालन बंद होने से छात्रों में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार की सुबह गढ़ रोड पर एमएसटी बसों का संचालन बंद होने की वजह से आक्रोशित छात्र सोहराब गेट बस डिपो पहुंचे और सीसीएसयू के छात्र नेता व भीम आर्मी छात्र सभा के पश्चिम प्रभारी शान मुहम्मद के नेतृत्व में छात्रों ने एमएसटी जेएनयूआरएम सिटी बसों के अधिकारी सचिन सक्सेना का छात्रों ने घेराव किया। शान मुहम्मद के अनुसार जब करनावल, अन्य रोड पर बसों का संचालन जारी हैं ऐसे में गढ़ रोड पर पूरी तरह से बसों का संचालन बंद क्यों किया गया। छात्रों की मांग को मानते हुए गढ़ रोड पर किठौर शाहजहांपुर के लिए चार एमएसटी सिटी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इस दौरान आरिश इमरान, वसीम नम्बरदार, अनस त्यागी, समीर, सबरेज आदि छात्र मौजूद रहे।

# एकमुश्त समाधान योजना समाप्त होने में दो दिन शेष उपभोक्ता आज ही पंजीकरण कराकर उठाएं लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने सभी बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि उपभोक्ता अधिक से अधिक संख्या में अपने निकटतम खण्ड/उपखण्ड कार्यालय, कैश काउण्टर एव जनसेवा केन्द्र पर पहुंचकर, एकमुश्त समाधान योजना समाप्त होने से पहले सरचार्ज में छूट के स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं, योजना की अवधि 28 फरवरी को समाप्त हो रही है। योजना की अवधि समाप्त होने मे दो दिन शेष हैं, उपभोक्ता योजना में आज ही पंजीकरण कराएं और एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ के अन्तर्गत घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि. द्वारा सरचार्ज में छूट हेतु ष्एकमुश्त समाधान योजनाष लागू की गयी है जिसकी अवधि 28 फरवरी को समाप्त हो रही है। योजना मे 30 सितम्बर 2024 तक के बकाया विद्युत




बिलों में लगे सरचार्ज में छूट दी जा रही है। उपरोक्त योजना के अन्तर्गत मेरठ प्रथम और मेरठ द्वितीय क्षेत्र से लगभग एक लाख पचास हजार तीन सौ सतावन, गाजियाबाद प्रथम, गाजियाबाद द्वितीय और गाजियाबाद तृतीय क्षेत्र से लगभग सतासी हजार पाँच सौ, बुलंदशहर क्षेत्र से लगभग एक लाख उनासी हजार नौ सौ एक, मुजफ्फरनगर क्षेत्र से लगभग एक लाख इक्कयावन हजार इकतिस, सहारनपुर क्षेत्र से लगभग एक लाख छ: सौ चार, नोएडा क्षेत्र से लगभग उनतिस हजार एक सौ तीस, मुरादाबाद क्षेत्र से लगभग दो लाख सोलाह हजार नौ सौ सतराह व गजरौला क्षेत्र से लगभग दो लाख तीन हजार नौ सौ पिचानवे बकायेदारों द्वारा पंजीकरण करा कर, योजना का लाभ उठा चुके हैं। योजना के अन्तर्गत अब तक ग्यारह लाख उन्नीस हजार चार सौ पैतिस उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर सरचार्ज में छूट का लाभ उठा चुके हैं।

यह अभूतपूर्व स्वर्णिम योजना 28 फरवरी को समाप्त हो रही है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत आने वाले उपरोक्त श्रेणी के सभी बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि योजना में आज ही पंजीकरण कराकर, सरचार्ज में छूट के स्वर्णिम अवसर का लाभ उठायें,ताकि विद्युत विच्छेदन एवं भू-राजस्व के रूप में, वसूली की कार्यवाही से बचा जा सके। योजना के बारे में किसी भी शंका के समाधान हेतु, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं टोल फ्री नंबर 18001803002 पर संपर्क कर, योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# विद्या यूनिवर्सिटी में 'द लर्निंग मोमेंट्स ऑफ माय लाइफ' पर कहानी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित विद्या यूनिवर्सिटी के विद्या स्टूडेंट्स एंबेसडर काउंसिल की ओर से 'द लर्निंग मोमेंट्स ऑफ माय लाइफ' विषय पर मंगलवार को कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्या यूनिवर्सिटी के समस्त विभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी ने अपने जीवन की प्रेरक क्षणों को कहानी में पिरोकर सुनाया जिससे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर वीसैक कोर कमेटी की सदस्य भावना ने सभी डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट को कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात एक-एक कर प्रतिभागियों ने जीवन के रोमांचक पलों को कहानी में पिरोते हुए प्रस्तुत किया कि किस प्रकार एक घटना ने उनके जीवन को बदल दिया।




प्रतिभागियों में स्तुति शर्मा, स्वाति, दीपाली वर्मा, रजत उज्ज्वल, श्रेया शुक्ला, इशिका शर्मा और मिताली रघुवशी ने कहानी सुनाई। निर्णायक मंडल में कॉरपोरेट कनेक्ट एवं प्लेसमेंट सेल की निदेशिका डॉ. नेहा दोशी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.निरंजन लाल और एसिस्टेंट प्रोफेसर ऋतु ने सभी प्रतिभागियों की कहानी कौशल व अन्य मेधा के आधार पर निर्णय अंक दिए। निर्णायक मंडल ने बीसीए की छात्रा श्रेया शुक्ला को प्रथम घोषित किया। दूसरे स्थान पर बीबीए की छात्रा स्वाति रही और बीजेएमसी की छात्रा इशिका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्या यूनिवर्सिटी के प्रो.चांसलर विशाल जैन ने विद्या स्टूडेंट्स एंबेसडर काउंसिल के सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की सफलता पर विद्या यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. हिरेन दोशी ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्या स्टूडेंट्स एंबेसडर काउंसिल विद्या के समस्त विद्यार्थियों का एक मंच है जो छात्रों को नेतृत्व कौशल, संवाद क्षमता और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल के सदस्य एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निरंजन लाल ने ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाना, सामुदायिक सेवा एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने एसडी इंटर कॉलेज सदर के प्रिंसिपल डॉ. ओमपाल सिंह के जीवन की सच्ची कहानी सुनाते हुए कहा कि सफलता का कभी भी छोटा रास्ता नहीं होता। व्यक्ति कठिन श्रम करके ही मुकाम तक पहुंचता है। मुख्य संयोजक एवं कोर टीम के सदस्य आकाश ने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हुए समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है। इसके माध्यम से विद्या का हरेक छात्र अपनी प्रतिभा और विचारों को स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। रूद्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन बीजेएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा इशिका शर्मा ने किया। इस मौके पर सहायक प्रवक्ता मुकेश कुमार, डॉ.प्रीति चौहान, मनीष तोमर, प्रीति शर्मा, सूरज देव प्रसाद आदि के साथ विद्या स्टूडेंट्स एंबेसडर काउंसिल के कोर सदस्यों में आकाश, भावना, विवेक, रूद्र शर्मा, विभिन्न क्लबों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक सिंघल, हीरा, कार्तिकेय, स्वाति, स्तुति शर्मा आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला जैन समाज

## बड़ौत हादसे में जैन समाज के मृत श्रद्धालुओं के परिजनों को 2-2 लाख देने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बड़ौत में गत 28 जनवरी को जैन समाज के कार्यक्रम में हुए हादसे के मृत श्रद्धालुओं के परिजनों को लेकर विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने सरधना विधायक अतुल प्रधान के साथ सपा सुप्रीमो व सांसद अखिलेश यादव से मंगलवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर मुलाकात की। सुदीप जैन ने बताया कि अखिलेश यादव ने पार्टी की ओर से मृत श्रद्धालुओं के परिजनों को 2-2 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की और सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कुंभ हादसे के पीड़ितों को 25 लाख के स्थान पर 50 लाख का मुआवजा और उसके साथ साथ बड़ौत हादसे के पीड़ितों को भी 50 लाख का मुआवजा दिए जाने का मुद्दा सदन में उठायेंगें। मुलाकात करने वाले पीड़ितों में अपने माता कमलेश जैन व पिता सुरेश जैन को खोने वाले प्रेम जैन, माता उषा धमीजा को खोने वाले प्रिंस जैन, भाई अमित जैन को खोने वाले नितिन जैन शामिल रहे। विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान की मोक्षस्थली गिरनार पर्वत पर जैनियों के सुरक्षित दर्शन वंदन पूजन संबंधी अभियान के समर्थन के



लिए आवाज उठाने हेतु ज्ञापन सौंपा व साथ ही जैन बोर्ड की स्थापना के लिए भी समर्थन मांगा। मुलाकात करने वालों में बागपत के सपा से पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, पूर्व सभासद ललित जैन, पूर्व सभासद विनोद नीटू, सौरभ जैन बड़ौत, संस्कार जैन, शुभम जैन, मिन्हाज रिजवी साथ रहे।

# चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद के सतत प्रयासों के फलस्वरूप पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण हेतु उ०प्र० सरकार द्वारा महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की गई है | जिसके माध्यम लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 34 सड़के यथा: पीलीभीत विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम भगवंतापुर बझेड़ा से नारायण नगला तक, खमरिया पुल कनाकोर रोड से भगवंतपुर ढकिया नत्था मार्ग, पीलीभीत जहानाबाद रोड से छितौनिया मार्ग, बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में रामनगर रम्बोझा रोड से पैंतबोझी चौराहा से सिद्धबाबा मंदिर तक, रम्बोझा गजना रोड से पैनिया रम्बोझा मोड़ तक, दियोरिया से महेशपुर मार्ग, दौलापुर पिपरिया नहर से अधकटा गांव तक, श्यामपुर सम्पर्क मार्ग, हाफिजनगर बन्नी रोड नसरूल्लापुर मार्ग, बीसलपुर चांदपुरा रोड से कनगंवा मार्ग, जयपालपुर से पंडरी मार्ग, बीसल. पुर-पीलीभीत रोड से सिमरा अकबरगंज मार्ग, टकरी ईंटारोड नाहर से नारायणपुर मार्ग, बिलसण्डा बण्डा रोड से कुरैया खुर्द मार्ग, बैरा से मलूकापुर मार्ग, बरेली रोड से मुडरा सुमन मार्ग, इंटगांव बमरौली मार्ग से ककराई गौटिया नांद तक द्वितीय भाग, शाहजहांपुर रोड से नीवाडांडी रोड पर, बमरौली भदेनकंजा मार्ग से लाखन नगला सम्पर्क मार्ग, ईंटगांव बमरौली रोड से सुहेला मार्ग, दियोरिया रोड से मधवापुर खदराई मार्ग, ईंटगांव रजवाजा से आराजी सुहेला स्कूल भाग-1 मार्ग, पीलीभीत जहानाबाद मार्ग से सुन्दरपुर मार्ग से लालपुर गांव तक मार्ग, आरएएमपी इण्टर कालेज बमरौली से बिलसण्डा पुलिया की ओर प्रथम भाग मार्ग, दियोरिया मार्ग से मनकापुर मार्ग, गुलरिया मरौरी से नौऊआ नगरा मार्ग एवं ईंटगांव बमरौली मार्ग से ककराई गौटिया नांद तक प्रथम भाग मार्ग, विधानसभा बरखेड़ा में बरखेड़ा पिपरा खास रोड नाहर पुलिया से रामपुरा नत्थू मार्ग, टिकरी ईटारोड नाहर से नारायणपुर मार्ग, दौलापुर पौटा तिराहे से करोड़ मार्ग प्रथम भाग मार्ग एवं शाहगढ़ सकरिया मार्ग कटपुरा द्वितीय (करनजीत सिंह) मार्ग एवं विधानसभा बहेड़ी की नैनीताल रोड से जाम मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य करवाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है | प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना विभाग के माध्यम से पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की कई प्रमुख तथा ग्रामीण सड़कों का पुनर्निर्माण व मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सुविधा प्राप्त होगी, इससे न केवल यातायात व्यवस्था सशक्त होगा, बल्कि गन्ना किसानों, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम जनमानस की पहुंच भी सुलभ होगी | इस अवसर पर केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने कहा, "प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है | पीलीभीत क्षेत्र में सड़कों के विक से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र का समग्र सुनिश्चित होगा |

# डयूटी में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

## परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में तीन दिवसीय मेला हुआ शुरू, प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऐतिहासिक परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर दीन दिवसीय विशेष मेले की शुरुआत हो गई है। यह मेला 25 से 27 फरवरी तक चलेगा जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। मंदिर पर कांवड़ियो और शिवभक्तो का आना शुरू हो गया है। पुरा गांव का माहौल शिवमय हो गया है गांव मे हर जगह भोले के जयकारे गूंज रहे है। पहले दिन हजारो कावंड़ियो और शिवभक्तो ने भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक कर अपने परिवार में सुख शांति एवं सम्रद्धि के लिये मन्नते मांगी।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पीत विजयवर्गीय ने मंगलवार को मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और साथ ही यातायात व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जय भगवान ने बताया कि इस बार मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं की हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण और फाल्गुन मास में यहां ऐतिहासिक मेले का आयोजन होता है। भक्त भगवान शिव को दही, बेलपत्र, धत.ूरा, मिष्ठान, भस्म और गन्ने का रस चढ़ाते हैं। मान्यता है कि यहां की गई पूजा से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोक.ामनाएं पूरी करते हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की है। मेले के दौरान पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। इस दौरान एसपी ने कहा कि डयूटी पर तैनात लापरवाही बरतने वालो पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।






## पानी की टंकी तैयार होने के बावजूद भी बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव के शिव मंदिर में 2 साल से पानी की टंकी बनकर तैयार हो गई थी। मगर कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी ग्रामीण बूंद बूंद को तरस रहे हैं। टंकी में पानी नहीं आ रहा है। जल निगम ने एक वर्ष पूर्व टंकी का निर्माण कंप्लीट कर दिया था। मगर आज तक भी एक दो बार पानी आने के बावजूद भी गलियों की टुटी घरों में पानी नहीं आ रहा है।

इस दौरान ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का निर्माण होने के बाद भी लोग टंकी के पानी को तरस रहे हैं। जल निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। मगर उन्होंने इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी इस टंकी है। पानी नहीं आ रहा है। ग्राम प्रधान भी इस तरफ कोई जान नहीं आकर्षित कर रहा है। जब गांव का प्रधान इस तरफ ध्यान नहीं करता न किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करता तो टंकी में पानी किस तरीके से आएगा। जागौश गांव की प्रधान निशा शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल निगम को कई बार अवगत कराया गया है। मगर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई जल विभाग नहीं कर रहा है।



## हिंदू युवा वाहिनी अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर ने दंगल का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के कस्बा छपरौली में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विशिष्ट के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश हिंदू युवा वाहिनी अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने दंगल का फिता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने खिलाड़ियों के हाथ मिलवा कर दोनों तरफ से कुश्ती का आयोजन कराया जिसका आयोजन जन कल्याण समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि हमारे जनपद बागपत में ऐसी ऐसी विभूतियां पैदा हुई है जिन्होंने बागपत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेलों में रुचि लेकर बागपत जनपद का नाम रोशन किया है। आज हमारे देश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बागपत जनपद की पहचान बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी कुश्ती के विजेताओं को आशीर्वाद देकर इनाम दिया। इस मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर कोच धर्मेंद्र बाबूराम जयदेव रमाला गन्ना मिल उपाध्यक्ष के अलावा क्षेत्र के कफी संख्या में लोगों ने कुश्ती का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। विजेता खिलाड़ियों को चंदे के रूप में नगर पुरस्कार वितरण भी किए गए। विशाल सर पर डायरेक्टर तेजस्वी बिल्डर एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी शौकेंद्र खोखर बदरखा रौनक पहलवान व हरियाणा पहलवान सचिन की कुश्ती के साथ हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारंभ किया गया। संचालन आचार्य संदीप चौधरी ने किया।



## कोर्ट के बाहर पति ने विवाहिता व उसके भाई के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोर्ट में तारीख पर आई विवाहिता के साथ पति व उसके वकील ने दुर्व्यवहार किया और विरोध कराने पर उसके साथ मारपीट की। पीडिता ने इस संबंध में पति व उसके वकील के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना चांदीनगर क्षेत्र के एक गांव की एक युवती की शादी कस्बा खेकडा में एक युवक के साथ हुई थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव हो गया था। विवाहिता ने पति के विरूद्ध दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला वर्तमान में कोर्ट में विचाराधीन है। विवाहिता के अनुसार मंगलवार को वह अपने भाई के साथ कोर्ट में तारीख पर आई थी। उसने बताया कि जब जज कोर्ट रूम से निकलकर वह बाहर आई तो उसे पति ने अपने वकील के साथ मिलकर उसके साथ बदतम.ीजी की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके व उसके भाई के साथ मारपीट की। विवाहिता ने इस संबंध में अपने पति व उनके वकील के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर चार माह के लिए फाटक होगा बंद, लोगों को झेलनी पड़ेगी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बिजरौल मार्ग पर ओवरब्रिज के साथ ही अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां से गुजरने वाले वाहन निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं। इस कारण फाटक को करीब चार माह के लिए जल्द ही बंद करने की तैयारी है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी।



बिनौली व बिजरौल मार्ग पर ओव.रब्रिज निर्माण का कार्य करीब दो साल से चल रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। ओवरब्रिज के साथ इन जगहों पर अंडरपास का निर्माण किया गया है। बिनौली मार्ग पर तो जनवरी माह में अंडरपास वाहनों के लिए खोल दिया गया है। मगर, बुढ़ाना बिजरोल मार्ग पर निमार्ण कार्य अभी चल रहा है। यहां से अभी वाहनों का भी आवगमन हो रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वाहनों के आवागमन से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस वजह से करीब चार माह के लिए रेलवे फाटक को स्थाई रूप से बंद किए जाने की तैयारी चल रही है। क्योंकि अंडरपास निर्माण के चलते बिनौली मार्ग पर तो डेढ साल के लिए बंद किया गया था, जिससे लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ा था। अब बुढ़ाना बिजरौल मार्ग पर भी फाटक बंद होने से अंडरपास निर्माण पूर्ण होने तक लोगों की परेशानी बढ़नी तय है। वाहन चालक धीमी गति से अपने वाहन लोहड्डा गांव की पटरी से दौड़ते नजर आएंगे। मंगलवार को रेलवे अधिकारियों ने फाटक को 4 माह के लिए बंद कर दिया। फाटक बंद होने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। मगर यह कार्य भी जल्द संपन कराया जाएगा।

## युवक ने जीआरफ परीक्षा पास कर गांव का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के एक युवक ने मेरठ कालेज में पढ़ाई करते हुए जीआरफ क्लियर कर गांव का नाम रोशन किया है। और युवक के घर पर शुभकामनाएं देने के लिए तांता लगा हुआ है। मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। यही कर दिखाया ढिकोली के हर्ष ने अपने पिता के प्रोफेसर बनने के सपने को साकार करते हुए जीआरफ की परीक्षा पास की है। ढिकोली निवासी हर्ष पुत्र राज.कुमार सिंह पिछले 4 वर्षो से मेरठ के मेरठ कालेज में इतिहास की पढ़ाई कर रहा है। जहां पर वह ग्रेजुएशन के बाद जीआरु की तैयारी मे लग गया था। और उसने पहले ही प्रयास मे जीआरफ की परीक्षा पास कर गांव का नाम रोशन किया है। इसको देखते हुए गांव मे चारो ओर हर्ष का माहौल है। और गांव के लोगो ने बताया कि हर्ष बचपन से ही पढ़ाई मे होनहार रहा है। और बड़े बुजुर्गो की इज्जत सम्मान करता आया है। हर्ष के चयन होने से कस्बे के लोग गदगद होते नजर आ रहे है। और इससे गांव के युवा स्वागत की तैयारी मे भी लगे हुए है। तो वही कस्बे के लोग परिजनो को शुभकामनाएं देने मे लगे हुए है।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फिरोज खान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

मौसम पुत्र हमीद निवासी ग्राम बरनावा थाना बिनौली जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे भाई का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने भाई सोएब व उसकी पत्नि शहजादी से सम्बंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राविश पुत्र नफीस निवासी 240 अमीनगर सराय थाना सिघावली अहीर जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शहजाद व उसकी पत्नि रेशम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जरिफा पत्नि स्व.इस्लाम निवासी कल्यानपुर तोडा थाना रतनपुरी तहसील बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

## छत पर ले जाकर तीन वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर में सिसाना रोड़ पर एक युवक ने एक तीन वर्ष के बच्चे को छत पर लेजाकर कुकर्म का प्रयास किया। बच्चे के चिल्लाने पर जब बच्चे की मां छत पर पहुंची तो आरोपी बच्चे को छोड़कर भाग गया। बच्चे के पिता ने इस संबंध में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के सिसाना रोड़ पर जैन कालेज के निकट एक परिवार किराये पर रहता है। उसी मकान में एक और परिवार किराये पर रहता है। बताया गया है कि मंगलवार को दोपहर एक युवक बहला फुसला कर पडौसी के तीन वर्ष के बच्चे को मकान की छतपर ले गया और उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। इस दौरान बच्चे के चिल्लाने पर जब बच्चे की मां छत पर पहुंची तो आरोपी उसे देखकर बच्चे को छोड़कर छत के रास्ते भाग गया। इस संबंध में बच्चे के पिता ने आरोपी के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बागपत के किसान भी खेतों में ड्रोन से कीटनाशक दवाईयां का करेंगे छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के किसान भी अब शामली के किसानों की तरह अपने खेतों में ड्रोन कैमरे से कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव करेंगे।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी बृजपाल सिंह ने बताया कि शामली की तर्ज पर क्षेत्र के किसानों ने भी ड्रोन कैमरे से खेतों में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव करने का निर्णय लिया है। खेती में कीटनाशकों के छिड़काव करते समय किसान के शरीर पर होने वाले विपरीत प्रभाव व स्प्रे को सुगम बनाने के लिए जहां शामली के एक संपन्न किसान ने ड्रोन खरीद कर स्प्रे की शुरुआत की। वहीं बागपत के किसानों ने भी ड्रोन से स्प्रे के प्रदर्शन को देखा और यहां के किसानों के लिए यह सुविधा मुहैया कराने की रणनीति तैयार की। बता दें कि, शामली जनपद के ग्राम कुड़ाना के कृषक वीरपाल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने ड्रोन खरीदा है, जिसका एक डेमो आज ग्राम कुड़ाना में बाबा श्याम सिंह मलिक व किसान यूनियन के अध्यक्ष सवित मलिक व शामली चीनी मिल के गन्ना विकास विभाग के केन डेवलपमेंट हेड सीपी मलिक की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान बागपत से भी कई समृद्ध किसानों ने ड्रोन से स्प्रे का प्रदर्शन देखा। इस अवसर पर बाबा श्याम सिंह मलिक व किसान यूनियन अध्यक्ष सवित मलिक सहित बागपत के किसानों ने भी इसे खेती को सुगम बनाने के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। कहा कि, इससे किसान को समय और शरीर पर दवा से होने वाले नुकसान से बचा जा सकेगा। वहीं बाबा श्याम सिंह ने बताया कि, जिस किसान भाई को अपनी फसल पर छिड़काव करवाना है, उसे उचित किराए की दर पर ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। सीपी मलिक द्वारा बताया गया कि इस बार गन्ने की फसल में बहुत सारे कीटों का प्रकोप देखने को मिला है तथा फसल बड़ी हो जाने पर किसान भाई ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर द्वारा भी अपनी फसल पर कीटनाशकों का सही तरह से छिड़काव नहीं कर पाए। ऐसे में किसान भाई ने ड्रोन खरीदकर मशीनीकरण में एक सराहनीय कदम उठाया है। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से भी प्रगतिशील कृषकों सहित अनुज मलिक कृष्णपाल सिंह मास्टर वीरपाल शालू अनिल ओमकार जसवीर सिंह जयपाल सिंह पप्पू मलिक आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस प्रथम इकाई सात दिवसीय शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस प्रथम तथा तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शि.विर के पाँचवें दिन का आयोजन किया गया। मुख्य विषय नशा मुक्ति, जनसंख्या विस्फोट और महिला सशक्तिकरण रहा। दिन की शुरुआत योग साधना एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ हुई, जिससे स्वयंसेवकों को मानसिक शांति व ऊर्जा प्राप्त हुई। प्रथम सत्ररू में स्वयंसेवकों ने दिन के विषयों पर पोस्टर और नारे तैयार किए, और डूडा कॉलोनी एवं पटेल नगर कॉलोनी में रैली निकालकर जोशीले नारों के साथ जागरूकता अभियान चलाया।





# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत लूम्ब वि.खं छपरौली ( बागपत )

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२४-२५** **दिनांक**-25.02.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक-11.03.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक-11.03.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानक.ारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | गायत्री देवी स्कूल से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 744000 | 525 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | पुल से गायत्री स्कूल तक नाला निर्माण कार्य। | 749000 | 525 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ग्राम पंचायत लूम्ब में सिल्ट कैचर का निर्माण कार्य। | 50000 | 105 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | देशपाल टीकाराम के मकान से जसवीर के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 362000 | 420 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | जसवीर के मकान के पास रेनवाटर हारवेस्टिंग का कार्य। | 164000 | 210 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | बीरसैन के मकान से तेजपाल के मकान तक सी.सी.निर्माण कार्य। | 300000 | 420 | 2% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | कुष्णपाल के मकान से देशपाल के मकान तक सी.सी.निर्माण कार्य। | 325000 | 420 | 2% |
| 8 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सुधीर के मकान से जयवीर के मकान तक सी.सी.निर्माण कार्य। | 337000 | 420 | 2% |
| 9 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | गौशाला व अन्य स्थानोपर सीसी टी.वी.कैमरा स्थापना कार्य। | 200000 | 210 | 2% |
| 10 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | विभिन्न स्थानो पर साफ-सफाई कार्य। | 100000 | 105 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत लूम्ब**
**विकास खण्ड-छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत लूम्ब**
**विकास खण्ड-छपरौली ( बागपत )**

# गन्ना लेकर जा रहे टैक्टर चालक ने किशोरी को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**चालक हुआ फरार पुलिस तैनात**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव विहारीपुर में एक हादसा हो गया। गन्ना लदे टैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घर के बाहर खड़ी तीन वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। मौके से चालक फरार हो गया। पुलिस मौके पर तैनात है।

कोतवाली देवरनियां के गांव बिहारीपुर निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र गुलावराय का गन्ना लदा टैक्टर-ट्रॉली लेकर इसी गांव निवासी चालक सुनील कुमार पुत्र सत्य प्रकाश अपने खेत से टैक्टर से गन्ना लेकर गांव आ रहा था। तेज गति से आते टैक्टर-ट्रॉली चालक ने गांव में अपने मकान के पास तिराहा पर खड़ी हरीओम की तीन वर्षीय पुत्री जानवी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बच्ची के परि. जनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा और इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिस टैक्टर से हादसा हुआ वह सोनालिका है।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक किशोरी का पिता हरिओम मथुरा में मजदूरी करता है, वह घर पर नहीं था। खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। पुलिस मृतक किशोरी के पिता के घर आने का इंतजार कर रही है।

## लूट की फर्जी सूचना देने वाले पेट्रोल पम्प मालिक और सेल्समैन का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली पुलिस ने सर्तरकता दिखाते हुए दस लाख रुपये की एक फर्जी लूट की सूचना देने का पर्दाफाश करते हुए पेट्रोल पम्प मालिक और सेल्समैन को जेल भेजा है।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव इटौआ स्थित पेट्रोल पम्प मालिक ने दस लाख रुपए लूट की सूचना दी। पुलिस ने जब पड़ताल की तो यह झूंठी निकली।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाना शेरगढ़ के ग्राम प्रहलादपुर का योगेन्द्र पुत्र मो. हनलाल जो पहले उसी पेट्रोल पम्प पर काम करता था, सोमवार सात बजे शाम पेट्रोल पम्प सेल्समैन जितेन्द्र से बाइक मांग रहा था, सेल्समैन ने अपनी बाइक देने से मना करने पर दोनों की आपस में मारपीट हुई थी। सेल्समैन ने घटना की सूचना अपने मालिक को दी। कालर द्वारा लूट की झूठी सूचना दी गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि फर्जी सूचना देने पर पेट्रोल पम्प मालिक और सेल्समैन का चालान कर दिया है। पुलिस ने मामले से अपने आला अफसरों को भी अवगत करा दिया है।

## महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अमला सतर्क

**एसपी उत्तरी और एसडीएम ने सेमीखेड़ा के प्राचीन मंदिर का किया मुआयना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बुधवार को महाशिव. रात्रि के पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अमला पूरी तरह सर्तक है। सेमीखेड़ा के प्राचीन मंदिर पर जलाभिषेक के लिए जुटने वाली भीड़ और मेला स्थल का एसपी उत्तरी और एसडीएम के साथ सीओ ने मौका मुआयना कर व्यवस्था को परखा।

नगर पंचायत देवरनियां के सेमीखेड़ा में स्थित दाऊजी महाराज प्राचीन शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर हर वर्ष बड़ी संख्या में जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ जुटती है,



और मंदिर के बाहर ग्राउंड पर मेला लगता है। मंगलवार दोपहर एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार, एसडीएम बहेड़ी रात्लिका श्रीवास्तव के साथ इंस्पेक्टर देवरनियां दिनेश कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह ने सेमीखेड़ा प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा, और दिशा-निर्देश दिए। मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरों के कन्ट्रोल रुम में एक पुलिस कर्मी की तैनाती समेत जनरेटर लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था चाक-चौकंद रखने को कहा। यहां भोर तीन बजे से ही जल चढ़ाने के लिए भीड़ जुट जाती है, जोकि दोपहर तक रहती है।

## एक नजर

### पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रतनगढ़ के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मंगलवार को ब्लॉक बहेड़ी के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रतनगढ़ में पढने वाले छात्र-छात्राएं युगमन टूर हेतु गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहि का भ्रमण किया गया।



इस दौरान स्कूली बच्चों में उत्साह पूर्वक नई-नई और रोचक जानकारियां ली। इसके अलावा वनस्पति विज्ञान लैब जीव विज्ञान लैब तथा पुस्तकालय का भी भ्रमण कर जानकारी हासिल की। महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा नई-नई रोचक जानकारियां दी गईं। इस दौरान संतोष कुमार, नियाज अहमद, तनवीर अहमद, क्रांति गंगवार, कविता, गंगा सिंह व गंगा लक्ष्मी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### स्कूल संचालक ने अपनी जगह में अनावश्यक रूप से पार्किंग करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रोज रो पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक ने मैरिज हॉल में आने वाले लोगों पर दरवाजे का सामने वाहन पार्किंग करने का आरोप लगाया है। स्कूल प्रबंधक का कहना है कि काफी-काफी रात में यहां आतिशबाजी भी की जाती है, जिससे लोग नींद से जाग जाते हैं।

शिकायतकर्ता मोईन आरिफ का कहना है कि उनका मोहम्मदपुर चौराहे पर रोज रो स्कूल है। उनका निवास स्थान भी इसी स्कूल में ही है। उनका कहना है कि स्कूल के सामने एक शादी हॉल है। एमएम हॉल जिसकी अपनी पार्किंग भी है, लेकिन इसके बाबजूद शादी में आने वाले लोग अनावश्यक रूप से मैन गेट व आसपास कारें व मोटरसाइकिल खड़ी कर देते हैं। जिससे उन्हें व राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी होती है। देर रात आतिशबाजी होती है, जिससे लोगों की नींद खराब हो जाती है। उन्हें अपने घर से निकलने व इमरजेंसी में डॉक्टर आदि के पास जाने में काफी कठिनाई उठानी पड़ती है।

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने मंगलवार को प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की समस्याओं को सुना, और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के



आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये।

**सम्बंधित अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं का स-समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश**

जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं, और शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए।

### पिता का आरोप जहरीला इंजेक्शन देकर मारा बेटी को

**कारमें मिला था महिला का शव, सिपाही पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली/बिथरी चैनपुर।** फरीदापुर इनायत खां में खेत के किनारे खड़ी कार में शनिवार दोपहर मृत मिली सिपाही की पत्नी के मामले में महिला के पिता ने सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सिपाही से पूछताछ कर रही है।

पीएसी आठवीं वाहिनी में तैनात सिपाही रवि की पत्नी मीनू के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रवि ने पीएसी में भर्ती होने से पहले डी फार्मा किया था। जिससे उसे दवाइयों के बारे में पूर्ण जानकारी थी। रवि पहले भी कई बार मीनू को मारपीट कर घर से निकाल चुका है, लेकिन पारिवारिक समझौते के बाद उन्होंने मीनू को उसके साथ भेज दिया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद रवि ने बेटी का गला दबाया, किसी तरफ वह बच गई। जब इसके बारे में रवि से पूछा तो वह बोला पता नहीं क्या हो गया था, मैं होश में ही नहीं था। जिसके बाद समझौते के बाद फिर से मीनू को रवि के साथ भेज दिया। पिता का आरोप है की शनिवार दोपहर रवि मीनू को कार से दवा दिलाने के बहाने फरीदापुर के जंगल की तरफ ले गया और गाड़ी लॉक कर सिरिंज से कई बार जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या कर दी। बाद में उसने बेहोशी का नाटक कर कार से नीचे लेट गया। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है । पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले के पांच लाख 42 हजार किसानों के खातों में सम्मान निधि की 19वीं किस्त सोमवार को पहुंच गई। आईवीआरआई स्थित केंद्रीय विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। यहां मोटे अनाज के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाने को किसान गोष्ठी की गई। मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सांसद ने किसानों को सम्मान निधि के प्रमाण पत्र बांटे। एक किसान को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। उन्होंने परिसर में विभाग की ओर से लगे खेती से जुड़े स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने कहा के मोटे अनाजों को कम पोषक मृदा दशाओं में भी आसानी से उगाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने दलहन-तिलहन उत्पादन, फसल बीमा, पॉली हाउस से खेती, पशुपालन आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रगतिशील किसानों ने भी खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर में मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व व आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को व्यापारियों ने सम्मानित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक ग्राम प्रधान और व्यापारी शामिल हुए।

**कस्बे के व्यापारियों ने किया थाना प्रभारी को सम्मानित**

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि महाशिवरात्रि श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने पूर्व से चली आ रही परंपराओं का पालन करने की अपील की। साथ ही नई परंपराएं न डालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे सामा. जिक सौहार्द बना रहेगा। पुलिस प्रशासन शिवरात्रि के दौरान होने वाले शिव बारात जलाभिषेक और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के लिए पूरी तरह सतर्क रहेगा।

संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन तैयार रहेगा। बैठक में मौजूद लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस दौरान एडवोकेट इमरान अंसारी, दीपक कुमार, अमान अंसारी, मोहम्मद अशफ, हरनाम सिंह, सोहेल सकलैनी, विद्याराम मौर्य, मयंक गंगवार, संदीप सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## "दनान मियांकी खूबसूरत पहल"

## आरएसी ने कराया ग्यारह खुशनसीब बेटियों का इज्तिमाई निकाह

### हजरत अदनान मियां ने पढ़ाए निकाह, तोहफे देकर बेटियों को किया रुखसत किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट की जानिब से आज 11 खुशनसीब बेटियों का इज्तिमाई निकाह कराया गया। शरीअत की पाबंदी के साथ सजाई गई इस मुबारक महफिल में दूल्हों और दुल्हनों के घरानों से आए मेहमान भी शरीक हुए। महफिल की सरपरस्ती नबीरा-ए-आला हजरत अफरोज रजा कादरी साहब ने फरमाई। नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने सभी जोड़ों के निकाह पढ़ाए।

देर रात तक चली तैयारियों के बाद आरएसी की टीम सुबह से पीलीभीत बाईपास स्थित फाहम लॉन में जुट गई। किचन में खाने की तैयारियां शुरू हो गईं। लॉन के एक सिरे पर उलामा और दूल्हों के लिए बड़ा स्टेज सजाया गया। दूर तक कुर्सियां, मेजें और सोफे लगाए गए। दिन चढ़ते-चढ़ते दूल्हे और दुल्हनें अपने मेहमानों के साथ पहुँचने लगे। पर्दे का खास एहतमाम किया गया था, लिहाजा दुल्हनों को अंदर हॉल में बैठाया गया और दूल्हों को मैदान पर बने बड़े स्टेज पर। नबीरा-ए-आला हजरत अदनान मियां की जानिब से दूल्हों के सेहरे और दुल्हनों की सेहरियों का इंतजाम भी था। सेहरे और सेहरियां बंधने के बाद दूल्हों-दुल्हनों की फबन देखते ही बनी। इस दौरान मेहमानों की आमद का सिलसिला भी चलता रहा, जिसमें शहर की जानी-मानी हस्तियां शामिल रहीं। हजरत अदनान मियां साहब ने सभी जोड़ों के निकाह पढ़ाए तो महफिल शबाब पर पहुंची। तमाम मेहमानों ने नए जोड़ों को मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर नबीरा-ए-आला हजरत ने अपनी तकघ्रीर में दूल्हों और दुल्हनों को शरीअत की पाबंदी के साथ रहने की ताकीद की। उन्होंने महफिल में शरीक मेहमानों को मुखातिब करते हुए निकाह को आसान बनाने पर जोर दिया और सभी जोड़ों को दुआओं से नवाजा।

निकाह के बाद खाना शुरू हुआ। शरीअत की पाबंदी करते हुए सभी ने बैठकर खाना खाया। मर्दों और औरतों के खाने का इंतजाम अलग-अलग किया गया। आखिर में सभी जोड़ों को तोहफों के साथ रुखसत किया गया। इस खूबसूरत महफिल में बड़ी तादाद में आरएसी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेजबान की हैसियत से जुटे रहे।

इस मौके पर खानवादा ए रजविया से हजरत सिराज रजा खां, खान नईम अहमद, हजरत कारी तस्लीम रजा खां, मौलाना हम्माद रजा कादरी, मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी, हजरत नजीब रजा खां, हन्नान उद्दीन रजा, अम्मार वसीम, अली रजा कादरी, मुकर्रम रजा खां, फैज रजा खां, ईकान रजा खां, मोहसिन हसन खां के साथ उलामा में मुफ्ती उमर रजा साहब, हाफिज इमरान बरकाती, मुफ्ती तौफीक नईमी, मुफ्ती नईम उल कादरी, मुफ्ती मुजम्मिल, मुफ्ती अय्यूब, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना अमीर अहमद, मौलाना सय्यद सफदर अली, मौलाना शाहिद रजा, मौलाना सय्यद तौकीर, मौलाना निजाम अख्तर, मौलाना सय्यद तहसीन, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना जफर, मौलाना सलीम रजा, मौलाना सद्दाम रजा, मौलाना कमरउज्जमां, शायर-ए-इस्लाम गुलफाम रजा हस्सानी, नईम अख्तर, गुलाम गौस गजाली, हमदम फैजी, हाशिम रजा हुसैनी, इमरान बरकाती, मौलाना नसीम फारूकी, मौलाना वसीम अजहर शरीक हुए।

डॉ. अनीस बेग, सरफराज वली खघँ, अंजुम अली बरकाती एडवोकेट, चौधरी असलम मियाँ, इंजीनियर अनीस अहमद, डॉ. सय्यद महफूज अली के साथ आरएसी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में मुशाहिद रफत, अब्दुल लतीफ कुरैशी, अब्दुल हलीम खां, ताज खां, हनीफ अजहरी, मुहम्मद जुनैद, सईद सिब्तैनी, सय्यद मुशर्रफ हुसैन, नदीम कुरैशी, मुहम्मद यूसुफ, जमाल अजहरी, मुहम्मद मुईजुद्दीन, फुरकान रजा, उवैस खां, काशिफ रजा, इब्ने हसन, सय्यद रिजवान, शाहनवाज रजा, शाहबाज रजा, हाफिज आरिफ, गुलाम मुहम्मद, आरिफ गद्दी, राशिद गद्दी, बाबू गद्दी, जाहिद गद्दी, आकिब रजा, सलमान रजा, शारिक बरकाती, अंसार रजा, आसिफ रजा, गुलफाम रजा, राशिद रजा, जुबैर रजा, अंजुम रजा, तुफैल रजा, मुहम्मद आतिफ रजा, मुहम्मद चांद, मुहम्मद अहमद, ताहिर रजा, साजिद रजा, तालिब रजा, गुल हसन, अमान कुरैशी, कासिम कुरैशी, अमीक रजा, जमशेद फैजी सहित हजारों के तादाद में आरएसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रशासन ने कुर्क की अशरफ के साले सद्दाम और लल्ला गद्दी की पांच करोड़ तीस लाख की संपत्ति

**बदायूं की जेल में बंद है सद्दाम, जमानत पर बाहर आया लल्ला गद्दी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस-प्रशासन की टीम ने मंगलवार को माफिया अशरफ के साले गैंगस्टर अब्दुल समद उर्फ सद्दाम और उसके सहयोगी मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी के अवैध कमाई से खरीदी गई हरुनगला स्थित तीन बीघा जमीन को कुर्क कर दिया। जिसकी कीमत करीब 5.30 करोड़ है। मौजूदा समय में सद्दाम बदायूं की जेल में बंद है। जबकि, गैंगस्टर लल्ला गद्दी हाल ही में जमानत पर छूट कर बाहर आया है। पुलिस-प्रशासन की टीमें इन दोनों गैंगस्टरों के करीबियों की भी संपत्ति खंगाल रही हैं। जिसके बाद उन सभी पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी।

डीएम रविंद्र कुमार ने 15 दिन में संपत्ति कुर्क करने का आदेश एसडीएम सदर को दिया था। सदर तहसील की टीम ने सोमवार को ही दोनों को कुर्की का नोटिस तामील करा दिया था। जारी आदेश के अनुसार सद्दाम व लल्ला गद्दी की हरूनगला स्थित भूमि गाटा संख्या 530 व 531 रकबा 1.580 हेक्टेयर में से 1/10 भाग करीब तीन बीघा भूमि को गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा (14) 1 के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 5,29,44,360 रुपये है। यह कार्रवाई एसएसपी अनुराग आर्य की रिपोर्ट पर डीएम ने कुर्की का आदेश देकर कराया है। सद्दाम ने बरेली में डेरा डालने के बाद अपनी एक टीम तैयार की। जिसमें मुख्य रुप से लल्ला गद्दी शामिल था। लल्ला गद्दी के इशारे पर सद्दाम ने हरूनगला की जमीन में निवेश किया। पुलिस की छानबीन में मामला खुला तो एक के बाद एक परते खुलती चली गई। लल्ला गद्दी ने इलियास और जाहिद के नाम पर हरूनगला स्थित जमीन का इकरारनामा कराया। सद्दाम और लल्ला गद्दी खुद के फंसने के डर से जमीन इलियास और जाहिद के नाम पर एग्रीमेंट कराया। पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद जब गिरोह के गुर्गों की जमीन और खातों की जानकारी खंगाली तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। सद्दाम पर नौ और लल्ला पर कुल चार आपराधिक मुक. दमें दर्ज हैं।

माफिया अशरफ जिस दिन बरेली की जिला जेल में भेजा गया। उसके अगले ही दिन साला सद्दाम बरेली आया और खुशबू एंक्लेव में अपना ठिकाना बनाया। यहीं रहकर स्थानीय लोगों के दम पर एक गिरोह तैयार किया। इस दौरान अशरफ को जेल में सारी सुविधा मुहैया कराई। साथ ही प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के पहले सभी शूटर से लेकर माफिया अतीक अहमद के बेटे से अशरफ की जेल में ही मुलाकात कराई। इस दौरान लल्ला गद्दी से लेकर अन्य लोग अशरफ के खाने के लिए बिरयानी से लेकर अन्य खाद्य पदार्थ पहुंचाते रहे। इस काम में जेल कर्मियों ने भी अशरफ से लेकर उसके गुर्गों ने पूरा साथ दिया। विवेचना में यह तथ्य सामने आए कि लल्ला गद्दी स्थानीय होने के नाते अशरफ के सहारे शहर में अपनी राजनीति चमकाना चाहता था।

बता दें कि गैंगस्टर सद्दाम और लल्ला गद्दी इस तीन बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने की तैयारी कर रहे थे। जिसके लिए वहां पर प्लाटों को भी विभाजित किया जा चुका था। लेकिन, विवेचना में मामला साफ होता गया। जिसमें पता चला कि सद्दाम और लल्ला गद्दी के बैंक खाते से लाखों रुपयों का लेन-देन हुआ है। साथ ही इन्ही लोगों के बैंक खाते से अन्य को भी रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस-प्रशासन की टीम ने मंगलवार को ढ़ोल-नगाड़े बजवाकर दोनों की संपत्ति कुर्क कर दी। साथ ही मोहम्मद जाहिद और मोहम्मद इलियास समेत मोहम्मद राशिद की संलिप्तता सामने आई है। इन सभी की संपत्ति चिन्हित की जा रही है। जिसके बाद गैंगस्टर लगाते हुए संपत्ति कुर्क की जाएगी। इस मौके पर सीओ हाइवे, बिथरी चौनपुर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह, बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे समेत अन्य पुलिस फोर्स मौजूद रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि माफिया अशरफ के जेल में बंद रहने के दौरान उसे सुविधा मुहैया कराने वाले उसके साले सद्दाम और लल्ला गद्दी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान गैंगस्टर सद्दाम और लल्ला गद्दी के अवैध कमाई से खरीदी गई तीन बीघा जमीन सामने आई। जिसे गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई है। साथ ही इनके करीबियों की भी संपत्ति चिन्हित की जा रही है। जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत उन सभी की संपत्ति भी कुर्क की जाएगी। अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी पांच मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रशासन के अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गये, तथा सभी विभागों से ज्यादा से ज्यादा वादों के सफल निस्तारण कराने पर जोर दिया। जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी विभागों से आये अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए वादों की जानक.



ारी एकत्र की, साथ ही जिन नोटिस का तामिला पुलिस प्रशासन द्वारा अथवा स्वयं के माध्यम से किया जा सकता है, उन मामलों का तामीला कराकर, निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार शाही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा बताया गया कि जनपद बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व आगामी पांच मार्च से सात मार्च तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है।

सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए वादों का चयन किया गया है, जिनका सफल निस्तारण किया जाएगा एवं उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं, और आम जनता को लोक अदालत के लाभ बता रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराएं।

## प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना के अन्तर्गत युवाओं को माध्यमिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल भी सिखाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद बरेली में फिलहाल पांच राजकीय कॉलेजों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, प्रत्येक कॉलेज के लिए एक ट्रेनिंग पार्टनर भी नामित हुआ है। प्रतिदिन 90 मिनट का समय कौशल प्रशिक्षण की कक्षाओं को दिया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि चार मार्च तक बच्चों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करते हुए बोर्ड परीक्षा होने के उपरांत प्रशिक्षण शुरू किया जाए। विद्यालय की नियमित कक्षाओं के बाद एक अतिरिक्त कक्षा कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित की जाए, जो बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक हों उनकी सूची विद्यालय कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर को उपलब्ध करा दें। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई सहित निर्धारित विद्यालयों के प्रधानाचार्य व ट्रेनिंग पार्टनर उपस्थित रहे।

**माध्यमिक की कक्षाओं के बच्चों को कोर्स के साथ-साथ प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण**

### सूचना

मैंने अपना नाम मो. जायद उर्फ मो. जाहिद से बदलकर अपना नाम मो. जाहिद कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व समझा जाए।

**मो. जाहिद पुत्र मो. यूनिस**
**निवासी-मो. मस्तान, कस्बा रिछा बहेड़ी, बरेली**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सड़क हादसे में युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

## रतनपुरा की पुलिया पर दो बाइक टकराने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसा पीछे से आ रहे बाइक सवार की टक्कर के बाद हुआ।

पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। युवक की मौत से घर में कोहरा मचा हुआ है।

हादसा थाना क्षेत्र के खौद थूनापुर मार्ग स्थित रतनपुरा की पुलिया के पास मंगलवार सुबह को हुआ। मेहंदीनगर शुमाली गांव नवनीत सैनी उम्र 24 वर्ष मित्र के साथ जन सेवा केंद्र भी चलाता था। युवक किसी काम से बाइक से खंडिया चौराहे पर जा रहा था।

युवक जैसे ही अपनी बाइक लेकर रतनपुरा शुमाली की पुलिया के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे



मृतक का फाइल फोटो

दूसरे बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। कुछ देर के अंदर ही युवक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक विकास राजपूत जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। युवक नवनीत की 1 वर्ष पहले ही शादी हुई थी। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। थाना शाहाबाद के ग्राम अनबा निवासी 26 वर्षीय गुड्डू पुत्र विजेंद्र अपने किसी काम से शाहबाद सिरोली रोड पर जा रहे थे के तभी तेज रफ्तार आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने गुड्डू को जोरदार टक्कर मार दी जिससे गुड्डू बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक तेज रफ्तार में निकल गया। हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई भीड़ को देख वहां से गुजर रही डायल 112 की टीम भी पहुंच गई और घायल को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायल को गम्भीर अवस्था में तुरंत बेहतर के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

## पुलिस ने शांतिभंग में चार को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली पुलिस द्वारा झगड़ा कर रहे चार अभियुक्त सोनू, भूकन, धर्मेन्द्र निवासीगण ग्राम शहपुरा थाना टाण्डा जनपद रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा.ना.सु.सं. में गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त चारों अभियुक्तों का चालान कर मा. न्यायालय एसडीएम टाण्डा के समक्ष पेश किया गया।

# दीक्षित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में रोजगार मेले का भव्य आयोजन

## मेले के माध्यम से 95 छात्र-छात्राओं का हुआ साक्षात्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल दीक्षित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के तत्वाधान में सोमवार को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमे कई सारी फार्मास्यूटिकल कंपनी ( सन फार्मा , टोरेंट फार्मा , मेक्लियाडस, ग्लास्को , अरबो , यूनिकेम , लाइफकेयर ) के द्वारा छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इस रोजगार मेले में 95 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्घघाटन कॉलेज के अध्यक्ष पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित मैनेजर पंडित विकास दीक्षित मेनेजिंग डायरेक्टर विवेक दीक्षित डायरेक्टर दीपेश चौहान के द्वारा किया गया। कॉलेज के अध्यक्ष पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित ने कहा की रोजगार मेले से यहां के छात्र-छात्राओं को रोजगार का अवसर मुहैया हो सकेगा यह पहला अवसर है। जब इतने बड़े स्तर पर यहाँ मेले का आयोजन हो सकता हैं इसके लिए उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार जताया और धन्यवाद व्यापित किया रोजगार मेले का आयोजन फार्मेसी के डायरेक्टर (प्रोफेसर) दीपेश चौहान के निर्देशन में सम्पन हुआ। जिसमे फार्मेसी के विभागाध्यक्षय डॉ विमल मोहन पांडेय , निशांत गायकवाड़ , समस्त फैकल्टी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।




रामपुर। यूपी वोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण करते डीएम,एसपी।

# नींद की झपकी आने से रोडवेज बस घुसी गन्ने से लदी ट्रॉली में ट्रैक्टर चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाइवे पर रात्रि में रोड़वेज चालक को नींद की झपकी आने से रोड़वेज हाइवे पर जा रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी। जिससे हाइवे पर रात्रि में बड़ा हादसा हो गया। हादसा थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित अहमदाबाद गांव के समीप सोमवार/मंगलवार की मध्य रात्रि दो बजे का है। शाहबाद थाना क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी रिंकू पेशे से ट्रैक्टर चलाकर अपनी गुजर बशर करता है। रिंकू बीते सोमवार की देर शाम बहेड़ी से अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ने का बीज भरकर शाहबाद लेकर आ रहा था। जैसे रिंकू का ट्रैक्टर रात्रि दो बजे शहजादनगर थाना क्षेत्र के अहमदाबाद गांव के समीप पहुंचा तो बरेली की ओर से आ रही तेजराफ्तर रोड़वेज चालक को नींद की झपकी आ गई। जिसके बाद आगे जा रही गन्ने की ट्रॉली में जा घुसी हादसा होते



ही ट्रैक्टर पलट गई और चालक गन्ने के नीचे दब गया। हादसा होते ही रोड़वेज में चीखपुखर मच गई। जिसके बाद रोड़वेज का चालक रात्रि का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया। हादसे की चीखपुखर सुनकर घनास्थल की ओर दौड़ ग्रामीण रहते कार्य में जुट गए। किसी तरह गन्ने में दबे ट्रैक्टर चालक को निकाला। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस 108 के जरिए उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और हादसे की सूचना घायल के परिजनों व गन्ना मालिक को दे दी। हादसे से हाइवे पूरी तरह जाम होने लगा तो पुलिस ने क्रेन की मदद से रोड़वेज को हाइवे से हटाकर रोड़ किनारे कराया। जिसके बाद हाइवे सुचारू रूप से चालू कर दिया गया।

## एक वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी सुनील पुत्र करन सिंह निवासी मिलक नोखरीद को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल और संशोधन स्वीकार नहीं प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करते हुए विधि मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत अमेंडमेंट बिल 2025 पर नाराजगी जाहिर की है। वकीलों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार लोकेश कुमार को सौंपा है।

इस दौरान दोनों बारों के वकील हड़ताल पर रहे। मंगलवार को दोनों बारों के वकीलों ने तहसील परिसर में दरियाँ बिछा कर धरना प्रदर्शन किया। वकीलों की मांग थी कि एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है क्योंकि इससे



वकीलों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी। वकीलों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अमेंडमेंट बिल निरस्त कराने और प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराये जाने की मांग की है। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, एल्डर कमेटी के चेयरमैन इरशाद अहमद,रेहान सईद खा, राशिद अली गौस, पंकज कुमार जोशी, ताहिर हसन खां, दिलीप कुमार अरोरा, मोहम्मद जुनैद, सिराज अहमद, अय्यूब अहमद, राशिद खां,परवेज अख्तर, जावेद अख्तर, रफीक अहमद, मुमताज मियाँ, हैसाम खां, मतलूब खां, मेहरबान अली, नौशाद, आसिफ, सलीम अहमद, अफसर अली, सन्दीप सिंह, बृज किशोर दिवाकर, कमल सिंह, चंद्रपाल सिंह सागर, सुंदर लाल, हरस्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह सागर, इरफान अहमद, प्रशान्त गौस्वामी, सलीम अहमद, आरिफ, शादाब, महिपाल सिंह आदि वकील मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा बच्चों का मां-बाप और स्कूल से बड़ा कोई है देसी नहीं हो सकता। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया पर कम ध्यान देने की अपील की। स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अतिथि का दिल जीत लिया।

खेमपुर स्थित जवाहर जूनियर हाई स्कूल में विदाई समारोह के दौरान सीएमओ ने स्कूल बच्चों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के टिप्स दिए। बच्चों को सोशल मीडिया के प्रति खबरदार करते हुए उन्होंने सही उपयोग करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सनवे सीनियर स्कूल के संस्थापक

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित



एवं प्रधानाचार्य प्रोफेसर शुजाउर रहमान शम्सी ने कहा बच्चे को अच्छे संस्कार देना मां-बाप एवं स्कूल की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा यही पीढ़ी आने वाले समय में देश की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल का आदि न बनाने की अपील की। स्कूल के संस्थापक शकील अहमद द्वारा आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया। इससे पहले स्कूल की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिअतिथियों की प्रशंसा लूटी। स्कूल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य फौजिया खान, उप निरीक्षक अनीता, उप निरीक्षक पारुल शर्मा, गुंजन शर्मा, मोहम्मद रऊफ, फरहा, रूबी, खतीजा, ज्योति यादव, फिजा, शमा कार्यक्रम का संचालन शुमायला शकील ने किया।

## विषैला पदार्थ खाने से विवाहिता की हालत बिगड़ी, रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद के एक मोहल्ले की रहने वाली विवाहित महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई यह देख परिजन आनंन-फालन महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसको बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला द्वारा विषैला पदार्थ के सेवन करने को लेकर मोहल्ले के लोग तरह-तरह की कयास लगा रहे हैं।

# कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सड़क हादसे में कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई एक व्यक्ति घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक सत्यवीर पुत्र मुरारी लाल उम्र लगभग (28 बर्ष) निवासी ग्राम क्रमचा का खेड़ा थाना मिलक जनपद रामपुर साथ में राजवीर पुत्र पूरनलाल ग्राम जमालपुर थाना पटवाई तहसील शाहाबाद जनपद रामपुर यह दोनों ट्रैक्टर ट्राली रामपुर से नवोदय विद्यालय किरा के लिए ट्रैक्टर ट्राली से बिजली की केबिल के बंडल लेकर ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे। लगभग पाँच बजे गांव रहपुरा के ब्रह्मदेव मंदिर निकट तेज गति से आ रहे कैंटर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। यह दोनों युवक गिर गए सत्यवीर कैंटर की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई और दूसरा राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में राहगीरों



की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने सत्यवीर को मृत घोषित कर दिया और राजपाल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पत रेफर कर दिया। मृतक सत्यवीर के परिजनों बताया कि नवोदय विद्यालय में कार्य चल रहा था जिसमें मृतक सत्यवीर बिजली के केबिल के बंडल ट्रॉली से लेकर नवोदय विद्यालय को जा रहा था तभी तेज गति से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी और सतवीर की मौके पर मौत हो गई। सत्यवीर के तीन बच्चे हैं लड़की 5 वर्ष दूसरी लड़की चार बर्ष लड़का एक वर्ष का है सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए परिजन रोने बिलखने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

## बलुपुरा गांव में निकाली शिव पार्वती की सुन्दर शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बलुपुरा में मंगलवार को शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य मे भगवान शिव व माता पार्वती की सुन्दर शोभायात्रा डी.जे पर शिव भजनों के साथ शिव पार्वती नृत्य करते हुए तथा शिव गणों सहित गांव में स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे गांव में घूमते हुए शिव मंदिर पर ही शोभायात्रा का समापन किया गया। माना जाता है कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष त्रियोदशी को भगवान शिव को समर्पित एक त्यौहार मनाया जाता है। इस पर्व को शिव रात्रि के नाम से भी जाना जाता है इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है क्योंकि इस दिन भगवान



शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था शिव पुराण के मुताबिक भगवान शिव पहली बार सृष्टि एक विशालकाय अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। शिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की पूजा करने से वे जल्द ही प्रसन्न होते है तथा जो भक्त इस दिन उपवास करते है उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती हैं गंगा स्नान और दान करने से समस्त पापों का नाश होता है जिसमे ग्राम प्रधान रनसिंह सहित समस्त ग्रामवासी व थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## एसपी नें किया थाना मिलक का आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** मंगलवार को एसपी रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना मिलक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चौक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखान आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# अमेंडमेंट बिल के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को बार एसोसिएशन शाहाबाद के अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान के नेतृत्व में एडवोकेट्स एक्ट में सरकार द्वारा किए जा रहे बदलाव के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के तयशुदा कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी अधिवक्ता पूरी तरह से न्यायिक कार्य से विरत रहे । अधिवक्ताओं ने पूरी तरह से रजिस्ट्री ऑफिस पर नजर बनाए रखी । स्टांप वेंडर को सख्त हिदायत थी कि वह स्टाम्प नहीं बचेंगे। परिसर में मौजूद टाइपिस्टों ने भी आज टाइपिंग कार्य पूरी तरह से बंद



रखा । मंगलवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ता समय से पहुंचे और अधिवक्ता सभागार में अध्यक्ष तकरीर रहमान एडवोकेट के नेतृत्व में एक बैठक आयोजन हुआ है उसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने एडवोकेट्स एक्ट में बदलाव के खिलाफ तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान ने बताया कि बार काउंसिल आफ इंडिया और बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अमेंडमेंट बिल के खिलाफ प्रदर्शन किया। इससे पहले बीते शुक्रवार को एडवोकेट्स एक्ट में सरकार द्वारा बदलाव के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापनउपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय को सौप था।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद, राम ओतार सिंह यादव एडवोकेट, सुहेल खान एडवोकेट ,घनेन्द्र सिंह यादव, सत्येंद्र यादव ,मुनीश यादव, रामचंद्र सिंह दिवाकर, शुजाउल मियां मासूम मियां, तवक्कुल हुसैन, फहीम अकरम, निधि यादव, कौसर अली, गोसिया जमाल, प्रदीप कुमार यादव, निखिल कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कांवड़ियों के आगमन को लेकर पुलिस रही मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवड़यो ने हरिद्वार से कांवड़ लेकर जिले की सीमा प्रवेश किया बुधवार को कावड़िये महाशिवरात्रि पर मन्दिरों मे जल अभिषेक करेंगे।

मंगलवार को कावड़यो ने जिले की सीमा मे प्रवेश करना आरंभ कर दिया कड़ी सुरक्षा के लिए पुलिस ने कड़े बन्दोबस्त किये है। पुलिस प्रशासन सतर्क दिखाई दिया कांवड़यो की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस मुस्तैद दिखाई दी । उत्तराखंड के दोराहा बाजपुर और सुल्तानपुर पट्टी बाडर्र पर बड़े व भारी वाहनो को रोक दिया गया जिसके चलते वाहनो की मार्गो पर लम्बी लम्बी कतार लग गई।

जगह जगह शिव भक्तो ने कांवड़यो का स्वागत करने के लिए भंडारो का आयोजन किया।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मार्गो पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए दोरा करते रहे।

## लड़ाई झगड़े के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना सैफनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चौकोनी निवासी भोजराज सिंह पुत्र शांति प्रसाद ने मंगलवार को थाने में दी तहरीर। आरोप है कि सुबह लगभग 10 पीड़ित का बेटा अमन अपने घर के सामने मंदिर निर्माण के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंटे भरकर ला रहा था।

इस बीच रास्ते पर रोजगार सेवक सत्यवीर यादव पुत्र रामचरन यादव व टैना उर्फ सुरेश यादव पुत्र रामचरन यादव निवासी ग्राम चौकोनी थाना सैफनी जनपद रामपुर पीड़ित व पीड़ित के परिवार को मारने पीटने को उतारू हो गए तथा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

प्रार्थी भोजराज ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई बही पुलिस ने सत्यवीर व टैना उर्फ सुरेश यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में समाचार एवं विज्ञापन, सूचनाओं के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
कार्यालय पताः- निकट कचहरी का दूसरा गेट युसूफ विल्डिंग रामपुर।
मो.नं. 9720093014
7906773314

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम KAVALJIT KAUR से बदलकर KAWALJEET KAUR पत्नी परविन्दर सिंह ग्राम बिशनपुर जागीर तहसील बिलासपुर रामपुर रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना जाए।

# जेमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स में हुआ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जेघ्मएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के तत्वावधान में विराट कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा कवि व जेघ्मएस ग्रुप के पुरातन छात्र कवि विकास विजय त्यागी ने बताया कि संस्थान में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मत्रमुग्ध करते हुए शिर. कत की। विख्यात कवियों के साथ साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत सदस्य, ऋषिपाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख ममता तेवतिया, डीएम पब्लिक स्कूल के चौयरमेन जितेंद्र चौधरी, दिनेश विद्यापीठ के चौयरमेन अभिषेक त्यागी आदि का संस्थान के फॉउंडर चौयरमेन राकेश सिंघल, सचिव डॉ० रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक, डा. आयुष सिंघल ने जेघ्मएस ग्रुप में जोरदार स्वागत किया।

संस्थान के चौयरमेन राकेश सिंघल ने बताया कि श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के मुखार बिंदु के उदबोधन से जेघ्मएस ग्रुप का सभागार मत्रमुग्ध होकर काव्य पाठ के रसमय आनंद में भाव विभोर हो गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने भक्ति भाव एवं सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा, संस्कार एवं गुणों का पाठ पढाया। विराट कवि सम्मेलन में




पधारे कवियों ने देश भक्ति, हास्य, श्रंगार, वीर जैसे विषयों पर अपनी अपनी कविताओं का पाठ किया। संस्थान के सचिव डॉ रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारा संस्थान श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के शुभागमन से एवं उनकी अभिव्यक्ति से हमारा संस्थान भक्ति भावमय हो गया हैं। और सभी विद्यार्थी, प्राध्यापकगण व स्टाफ सदस्य आचार्य प्रमोद कृष्णम का आशीष पाकर धन्य हो गए हैं।

कवि सम्मेलन के दौरान निखिल त्यागी, सुधीर त्यागी, मदन त्यागी आदि ने भी प्रतिभाग किया। संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. सुभाष गौतम ने विराट कवि सम्मेलन में पधारें सभी अतिथिगणों, संस्थान के माननीय मेनेजमेंट तथा हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर, एवं उनकी टीम का आभार प्रकट करते हुए संस्थान के प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, प्रशासनिक अधिकारी, मैनेजर एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा विराट कवि सम्मेलन को सफल बनाने में दिए गए सहयोग की सराहना की।

# गौशालाओं में गोवंशों का किया गया टीकाकरण

**गढ़मुक्तेश्वर।** गोशालाओं का दौरा कर पशु चिकित्सा टीम ने वहां संरक्षित गौवंश का परीक्षण कर पेट के कीड़े मारने वाली दवा देते हुए टीकाकरण भी किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.नितिन गौतम के नेतृत्व में विभागीय टीम मंगलवार को सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव भरना, दरियापुर, मुरादपुर और जखैड़ा रहमतपुर की गोशाला में पहुंची। जहां संरक्षित चल रहे करीब दो गोवंश की परीक्षण किया गया। बड़ी गहनता के साथ चौकअप करते हुए उन्हें पेट के कीड़े मारने वाली दवा दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन गौतम ने बताया कि बदलते हुए मौसम में दिन और रात के तापमान में बड़ी भिन्नता रहती है, जिससे पशुओं को कई तरह की बीमारी अपनी गिरफ्त में जकड़ लेती हैं। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर विभागीय टीम ने गोवंश का टीकाकरण करते हुए पेट के कीड़े मारने वाली दवा भी दी गई है। इसके अलावा पशु पालकों समेत किसानों को भी इस बदलते मौसम में पशुओं की बेहतर ढंग में देखभाल करते हुए कोई भी समस्या सामने आने पर तत्काल पशु चिकित्सा विभाग से परामर्श कर उपचार कराने की सलाह दी गई। शाम के समय पशुओं को बाहर की बजाए अंदर बांधें और चारा खिलाने में पूरी सावधानी बरतें। बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को नए चारे के साथ ही पुराना चारा भी जरूर खिलाते रहें।

# पुलिस में सुनवाई न होने पर न्यायालय का लिया सहारा

**गढ़मुक्तेश्वर।** प्लॉट की रंजिश को लेकर धारदार हथियार लेकर घर में घुसकर हंगामा करने वाले दबंग लोगों के खिलाफ थाने में कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित वकील ने कोर्ट की शरण ली, तब जाकर कई माह बाद रिपोर्ट दर्ज हो पाई है। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव आलमनगर निवासी विनोद कुमार ने कोर्ट की शरण लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि वह गढ़ कचहरी में वकालत करता है। जिसकी प्लॉट के बीच से रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे गांव के ही कुछ दबंगों लोगों से मुक. दमेबाजी चल रही है। जिसकी रंजिश में देवेंद्र, सतीश, सीताराम, सुभाष, अशोक, राधेश्याम 13 अक्तूबर 2024 को हाथों में धारदार हथियार लेकर दरवाजा तोड़ते हुए उसके घर में घुस गए थे। शोर मचाने पर आसपास के कई ग्रामीण मौके पर आ गए थे, जिन्हें उक्त सभी लोग घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करते हुए सामने आने पर जान से मारने की धमकी देने लगे थे। डायल 112 पुलिस को सूचना देने पर आरोपी भुगत लेने की धमकी देते हुए चले गए थे, जिस कारण उसकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। क्योंकि उक्त लोग इससे पहले भी उस पर हमला कर चुके हैं। इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नाराज वकीलों ने सब रजिस्ट्री दफ्तर में की तालाबंदी

**गढ़मुक्तेश्वर।** एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर चल रही कवायद से नाराज वकीलों ने हड़ताल करते हुए सब रजिस्ट्री दफ्तर में तालाबंदी कर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया। केंद्र सरकार के कानून एवं विधि मंत्रालय द्वारा एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर बड़े स्तर पर कवायद की जा रही है, जिससे नाराज चल रहे गढ़ से जुड़े दोनों खेमों के वकीलों ने यूपी बार कौंसिल के आह्वान पर पूरी एकजुटता दिखाते हुए हड़ताल कर दी। वकीलों ने सब रजिस्ट्री दफ्तर में तालाबंदी करते हुए बैनामे और इकरारनामों समेत अन्य दस्तावेजों की रजिस्ट्री से जुड़ा कामकाज भी पूरी तरह ठप कर दिया। जिससे मुकदमों की पैरवी समेत बैनामे और इकरारनामे कराने आने वालों को निराश होकर बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेश गिल, रामरतन सिंह, सचिव जितेंद्र भाटी और चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में दोनों खेमों के अधिकांश वकील तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुए, जिन्होंने एडवोकेट एक्ट में कोई भी संशोधन न किए जाने की मांग उठाई। पूर्व अध्यक्ष सुबोध त्यागी, सत्यप्रकाश चौहान, नरेंद्र गुप्ता, बलराज त्यागी, राकेश मोहन अग्रवाल, अमरपाल सिंह, सीएस यादव, ओमपाल मावी, चंद्रशेखर शर्मा, सुरेंद्र नागर, सतेंद्र चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर जो बिल लाया गया है, उस पर फिर से विचार करते हुए उसे वकीलों के हित में तत्काल वापस लिया जाए। क्योंकि उक्त संशोधन होने से देश में लाखों वकीलों की हालत बंधुवा मजदूरों से भी बदतर हो जाएगी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, राजबीर सिंह, अशरफ अली, जुनैद चौधरी, श्रीनिवास सिंह, मिलिन कुमार, पूर्व सचिव महताब अली, ठाकुर सुकेंद्र, अवनीश चौधरी, कलीम खान, मनोज गोयल, हेमंत गौड़, रोहताश सिंह, विकास गुप्ता, हरवीर आर्य, संदीप निषाद, धनवंत राय, शाकिर अली, चंद्रशेखर चौहान, दीपक कुमार, देवेंद्र सिंह, संदीप हरित, शरीफ अहमद, इंतजार अली, रितिक शर्मा, धीरज लोधी, अंकित चौहान, संदीप सैनी समेत दर्जनों वकील मौजूद रहे।

## येलो हाउस की टीम ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन

**गढ़मुक्तेश्वर।** इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता की बैडमिंटन स्पर्धा में येलो हाउस की टीम ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को पराजित कर दिया। गढ़ में ठंडी सडक किनारे स्थित क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में चल रही इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल से जुड़े चारों हाउस की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रिंसिपल डॉ.सिस्टर मर्सी ने शुभारंभ करते हुए छात्र जीवन में खेलों के महत्व को समझाया। वाइस प्रिंसिपल सिस्टर अमृता ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। एकल मुकाबले में रेड हाउस की आराध्या ने ग्रीन हाउस की आयुषी को पराजित कर दिया। येलो हाउस की साक्षी वर्मा ने ब्लू हाउस की परिधि शर्मा को शिकस्त दी। फाइनल मुकाबले में येलो हाउस की साक्षी वर्मा ने रेड हाउस की आराध्या को पराजित कर दिया। डबल मुकाबले के फाइनल में येलो हाउस की साक्षी वर्मा और प्रियांशी की जोड़ी ने रेड हाउस की पलक चौधरी और रिया चौहान को कांटे के मुकाबले में शिकस्त दी। रेफरी प्रीति चौधरी और स्कोरर धर्मेंद्र यादव समेत शिक्षकों ने विजय टीम को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

# आज जलाभिषेक के दौरान शरारती तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

**गढ़मुक्तेश्वर।** आज महाशिवरात्रि पर्व के दौरान शिवभक्तों को सभी जरूरी सुविधा मुहैया कराने के साथ ही असमाजिक और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। महाभारत कालीन गढ़ गंगानगरी के पौराणिक मुक्तेश्वर महादेव नक्का कुआ मंदिर परिसर में फाल्गुन मास के महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बैठक की गई।

जिसमें मुख्य रूप से आज होने वाले जलाभिषेक पर्व को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई।

मंदिर के मुख्य महंत बारहा गिरि की मौजूदगी में हुई बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी पंकज लोदी अध्यक्षता और संचालन मोंटी चौधरी ने किया। महंत बारहा गिरि महाराज ने बताया कि आज सुबह 11 बजकर नौ मिनट पर प्रारंभ होने वाले जलाभिषेक पर्व के दौरान शिवभक्तों की सेवाभाव के लिए स्वयंसेवी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

जो शिवभक्तों को सभी जरूरी सुविधा मुहैया कराने के साथ ही शरारती और असमाजिक तत्वों पर बड़ी बारीकी से ध्यान रखेंगे।

पंडित टिंकू शर्मा ने कहा कि मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले शिवभक्तों का बेहद खास ढंग में हरसंभव ध्यान रखा जाएगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

बैठक में मंदिर के मुख्य पुजारी गजेंद्र गिरि, पंडित विनोद शास्त्री, पूर्व सभासद संजय डिश, उमेश लोधी, प्रदीप रावत, संजय यादव, डॉ.नेपाल, दीपक शर्मा, सुंदर,

मंजीत यादव, मयंक चौधरी, शिवम चौधरी, रोबिन, गौरव यादव, मास्टर विकास,पवन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# गढ़ आसपास

## कोर्ट के आदेश पर लाखों रुपये की अवैध शराब और हथियार किए नष्ट

**गढ़मुक्तेश्वर।** पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब और हथियारों समेत लाखों रुपए के समान को कोर्ट के आदेश पर नष्ट करने की कार्रवाई की गई। सिंभावली क्षेत्र में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज हुए मुकदमों में जब्त की गई अवैध शराब समेत हिस्ट्रीशीटरों के कब्जे से मिले हथियार और अन्य सामान को कोर्ट में चल रही कार्यवाही पूरी होने के बाद अनुमति के आधार पर पुलिस ने नष्ट करने की कारवाई की। इसके साथ ही चोरी, झगड़ा फसाद, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हुए मुकदमों में जब्त लाठी, डंडे, कट्टे, देसी बंदूक, देसी पिस्टल, देसी रिवाल्वर और कारतूसों को भी नष्ट किया गया। सीओ स्तुति सिंह ने बताया है कि आबकारी एक्ट के 29 मुकदमों में जब्त की गई 20 लीटर अंग्रेजी शराब, देसी शराब की करीब 32 पेटी को भी नष्ट किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आईपीसी धाराओं के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज 99 मामलों में विभिन्न सामान जैसे लाठी, डंडे, रॉड, अवैध हथियार को भी नियमनुसार नष्ट कर दिया गया है। थाना क्षेत्र में रहने वाले दो हिस्ट्रीशीटर जिनकी मृत्यु होने के बाद उनके खाके भी जलाकर नष्ट कर दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 32 जोड़े

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दांपत्य बंधन में बंधे जोड़ों को शासन योजना के तहत पुरस्कार देते हुए सुखी जीवन का आशीर्वाद देकर विदा किया गया।

योगी सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई हुई है, जिसके तहत लाभार्थी जोड़े को शासन स्तर से उपहार के तौर पर इक्यावन हजार की धनराशि मुहैया की जाती है। इस दौरान एक तरफ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फेरों की रस्म अदा हो रही थी, तो दूसरी ओर निकाह के दौरान आयतें पढ़ी जा रही थीं। सिंभावली ब्लॉक परिसर में आयोजित हुए समारोह में कुल 32 जोड़ों को दांपत्य सूत्र में बांधते हुए उनके परिजन एवं सगे संबंधियों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन भी परोसे गए। एडीओ पंचायत शिवम कौशिक ने बताया है कि प्रदेश मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कुल 37 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सिंभावली ब्लॉक क्षेत्र में 16 रजिस्ट्रेशन हुए थे, जिनमें नौ जोड़ों की मुस्लिम रीति रिवाज के तहत काजी आसमोहम्मद के द्वारा आयत पढकर निकाह कराया गया। गढ़ ब्लॉक क्षेत्र में 17 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिनमें छह जोड़े मुस्लिम रहे। गढ़ नगर पालिका क्षेत्र में दो रजिस्ट्रेशन हुए थे जिनमें एक जोड़ा ही आ पाया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए फेरों की रस्म अदा कराई। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चेयरमैन सतपाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजना शासन की शानदार योजना है, जिसका गरीब और पिछड़ा वर्ग को सर्वाधिक लाभ मिल रहा है। क्योंकि मंहगाई के इस दौर में बेटी की शादी करना गरीब परिवारों के लिए आसान नहीं है। इस दौरान बीडीओ हरित कुमार, एडीओ समाज कल्याण अविनाश कुमार, एडीओ आईएसबी विनीत भटनागर, एडीओ पी विनोद कुमार समेत दांपत्य बंधन में बंधे जोड़ों के परिजन और सगे संबंधी भी काफी संख्या में मौजूद रहे।

## सामाजिक संगठन द्वारा बांटी गई राशन सामग्री

**गढ़मुक्तेश्वर।** सामाजिक संस्था द्वारा गरीब महिला और विधवाओं को राशन सामग्री मुहैया कराते हुए संबंधित समस्याओं का जल्द निराकरण कराने का भरोसा भी दिया। सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में मंगलवार को सामाजिक संगठन ने विधवा, बेसहारा, यतीम बच्चे और गरीब महिलाओं को राशन सामग्री वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई। सामाजिक संगठन एचजी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल अहमद ने भरोसा दिया कि गरीब महिलाओं समेत विधवाओं से जुड़ीं समस्याओं का त्वरित ढंग में निस्तारण कराने का भी हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा प्रति वर्ष गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का दुख दर्द बांटते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण भी कराया जाता है। आटा, दाल, चावल, मिर्च, तेल साबुन समेत अन्य घरेलू उपयोग वाले सामान की मदद मिलने से गरीब और विधवा महिलाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान जनरल सेक्रेटरी जमील अहमद, सदस्य राशिद सैफी, क्षेत्र पंचायत सदस्य चौधरी हबीब अहमद, मुकेश तिवारी, शहाबुद्दीन अंसारी, समर खान, माजिद चौधरी, शफीक अहमद, खालिद मलिक समेत काफी लोग मौजूद रहे।

## भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी मिलने से भाकियू कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हुआ, हालांकि शिकायत के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटकर आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सिंभावली क्षेत्र के गांव न्याजपुर खैय्या निवासी कुशलपाल सिंह आर्य स्थापना के समय से ही भाकियू टिकैत से जुड़े हुए हैं, जो वर्तमान में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिन्हें मोबाइल पर लगातार जान से मारने की धमकी मिलने से क्षेत्र में हडकंप मचने के साथ ही भाकियू कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

जान से मारने की धमकी मिलने से भयभीत भाकियू नेता ने अपनी जान माल को गंभीर खतरा बताते हुए थाने में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। भाकियू नेता का कहना है कि अलग-अलग मोबाइल नंबर से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है,

जिससे बहुत जल्द आरोपी का सुराग लगाकर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही भाकियू नेता की हरसंभव सुरक्षा भी कराई जाएगी।

# वकीलों ने कलमबंद हड़ताल रख किया प्रदर्शन

## प्रस्तावित अधिवक्ता बिल का विरोध, रजिस्ट्री कार्यालय में की तालाबंदी

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देश पर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 35 ए, 45 बी तथा 49 बी के विरोध में कलमबंद हड़ताल रखी गई। अधिवक्ताओं द्वारा सब रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रस्तावित संशोधित काला कानून वापस लेने की मांग की गई। अध्यक्ष चंद्र सैन अग्रवाल के नेतृत्व तथा महासचिव मदन कुमार राणा के संचालन में अधिवक्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और सरकार से प्रस्तावित संशोधन को वापस लेने की मांग दोहराई। अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक क्रमिक धरना आयोजित किया।समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्य के अलावा सब रजिस्ट्री कार्यालय में भी पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया।



## बिना रूट के फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा पर चला परिवहन विभाग का डंडा



**हापुड़।** जिलें में बिना रूट के फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा पर मंगलवार को परिवहन विभाग का डंडा चलता दिखाई दिया। परिवहन विभाग द्वारा 45 ई-रिक्शा का चालन किया गया। साथ ही 21 ई-रिक्शा को पुलिस लाईन में निरूद्ध कारवाही की। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यूपी सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ई-रिक्शा पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग और पुलिस विभाग ने मिलकर संयुक्त रूप से ई-रिक्शा के प्रपत्रों की जांच की गई और व्यवस्थापन हेतु निर्देश दिये गये। इसी के साथ 45 ई-रिक्शा का चालन किया गया। साथ ही 21 ई-रिक्शा को पुलिस लाईन में निरूद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार आगे जारी रहेगा। इस दौरान पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात प्रभारी उपदेश कुमार, व यातायात पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**हापुड़।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति जीबी की समीक्षा बैठक की गई, बैठक में डॉ सुनील कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमएस डीसीएच चिकित्सालय समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीटीओ डीआइओएस एडीआरओ एवं डीपीएमयू यूनिट के सभी लोग तथा जिले के समस्त चिकित्सा प्रभारी, यूनिसेफ डब्लू एचओ एनजीओ आदि लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 100 दिवसीय टीवी अभियान मुख्य विषय रहा इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले मरीजों को समस्त जनसंख्या के तहत 13 % से बढ़कर 20% तक किया जाए तथा सभी मरीजों का जल्द से जल्द उपचार किया जाए और सरकार द्वारा प्राप्त योजना के लाभ से लाभान्वित भी किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी सीएससी केन्द्र की एमसीडी, ओपीडी, एनआरसी तथा आईपीडी की बैठक करते हुए निर्देश दिए कि निश्चय पोषण योजना के शेष लाभार्थियों को लाभ देना सुनिश्चित करें।

## जिमखाना क्लब में सीएमई सेमिनार का हुआ आयोजन

**हापुड़।** मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से जिमखाना क्लब में चिकित्सा पेशेव. रों में तनाव और मृत्यु दर की बढ़ती प्रवृत्ति के विषय पर एक सीएमई सेमिनार का आयोजन किया गया। सीएमई का उदघाटन आईएमए अध्यक्ष डा. मनोज कुमार जैन, सचिव डा. गौरव मित्तल एवं पूर्व सीएमओ रेखा शर्मा द्वारा किया गया। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रधानाचार्य डॉ. आरके सहगल के द्वारा सभा का स्वागत किया गया। डॉ. पालकी नारंग ने सीएमई का संचालन किया एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ. आशा मिश्रा और डॉ. वीपी अग्रवाल उपस्थित रहें। सीएमई में डा. राहुल रामटेके, चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट सिम्स ने तनाव के कारण चिकित्सा पेशेवरों में होने वाली समस्याओं और इसके कारण उनके स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें प्रतिरक्षा स्तर में कमी शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वास्थ्य कर्मियों को समय-समय पर अपने कोलेस्ट्रॉल के स्तर की जांच करनी चाहिए। हालांकि, फिर भी यह आनुवंशिक कारणों से होने वाले बीमारियों को रोका नहीं जा सकता है, स्वास्थ्य कर्मियों को भी एक मानव के रूप में देखा जाना चाहिए, और उनकी भी कुछ सीमाएं है, सतही या अस्थायी मूल्यांकन और पुरस्कार के बजाय, हमें स्वास्थ्य कर्मियों पर बोझ को अधिक स्थायी आधार पर कम करने के लिए सुरक्षात्मक और निवारक उपायों में निवेश करने और उन्हें तेज करने की आवश्यकता है।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराई, हादसे में दो लोग गंभीर घायल

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर स्थित बुलंदशहर रोड फ्लाई ओवर पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात कार सवार चार लोग उत्तराखंड के हल्द्वानी से दिल्ली के रोहिणी जा रहे थे। जैसे ही वह हाफिजपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर पहुंचे तो कार चालक ने कार का नियंत्रण खो दिया। जिस कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगी रेलिंग से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और कार को अपने कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी।

## पुलिस की पाठशाला में एसपी ने छात्राओं को पढ़ाया पाठ




**हापुड़।** मंगलवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव अच्छेजा में स्थित रामस्वरूप जनता उमा विद्यालय में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। पुलिस की पाठशाला में पहुंचे एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद एसपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि छात्राओं को किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। वह बेझिझक पुलिस की सहायता ले सकती हैं। एसपी ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। एसपी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं बालिकाओं को को साइबर क्राइम और महिला हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। एसपी ने छात्राओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, पॉक्सो एक्ट व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओ आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया है।

## महबूब ने विधान सभा सदन का संचालन किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने विधान सभा अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में सदन की कार्रवाई का सचालन किया। उन्होंने विधायकों की समस्याओं सुनकर दूर करने का भरोसा दिया।

श्री अली ने बजट पर पक्ष-विपक्ष के विधायकों को बोलने का मौका दिया। जिन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया। आज तक जिले के किसी भी विधायक को इतनी बड़ी जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। श्री अली ने समस्याएं सुन सभी को दूर करने का भरोसा दिया। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि मुझे जो सम्मान दिया गया है वह जिले के सभी सपा कार्रकर्ताओं व प्रत्येक नागरिक का है। पार्टी कार्यकर्ताओं को जब इसकी जानक. ारी मिली तो वह खुशी से जूम उठे तथा उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिला मुबारकबाद दी।

# डीएम-एसएसपी ने किया गंगा घाटों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** डीएम श्रुति व एसएसपी श्लोक कुमार ने रामघाट गंगा घाट का निरीक्षण करते हुए कांवडियों के जल भरकर ले जाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर तहसील डिबाई के रामघाट के गंगा घाट से विभिन्न जिलों के कांवडियों के द्वारा जल भरकर ले जाया जाता है। डीएम श्रुति व एसएसपी श्लोक कुमार ने गंगा घाट पर श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कराई गई है। गंगा घाट से कांवडियों के द्वारा शांतिपूर्वक जल भरकर एवं कांवड़ लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जा रहा है। डीएम व एसएसपी उपस्थित जनों द्वारा कांवडियों पर पुष्प वर्षा भी की गई। वंही डीएम श्रुति व एसएसपी श्लोक कुमार ने अनूपशहर में गंगा घाट पर भी कांवडियों के जल भरने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कांवड़िए शांतिपूर्वक गंगा जला भरकर अपने अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे। जल भरकर ले जाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्था कराई गई है।

## रिटायर्ड फौजी के लाखों की चोरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के मो. हाना गांव में चोरों ने एक रिटायर्ड फौजी के घर को निशाना बनाते हुए घर से करीब 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ले गए। घटना प्रशांत यादव सेना में सर्विस करते हैं और उनके पिता फौज से रिटायर हैं। प्रशांत अपने परिवार के साथ रात को सो रहे थे। सुबह जागने पर देखा कि घर के एक दरवाजे का चैनल लॉक और संदूक के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने घर से 1.27 लाख रुपए नकद के अलावा कीमती जेवरात चुरा लिए। इनमें 4 सोने की चैन, 10 अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, 2 कंठी, 2 जोड़ी झुमके, 2 कुंडल, 4 सोने के कड़े और 4 जोड़ी पायजेब शामिल हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि ये सारे जेवरात बेटी की शादी के लिए जमा किए गए थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जेव. रात बरामद करने और चोरों को पकड़ने की मांग की है।

# खांसी व बुखार व दर्द के मरीजों की सीएचसी में लगी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मौसम में आए बदलाव से जहां लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। वहीं बुखार ठीक होने के बाद गले का संक्रमण पीछा नहीं छोड़ रहा है और गला खराब होने के साथ ही लगातार खांसी की समस्या हो रही है। यही कारण है कि नगर की सीएचसी में खांसी और गला खराब होने के मरीज बढ़ रहे हैं।

इस दौरान सीएचसी प्रभारी डा. विजय कुमार गर्ग का कहना है कि कुछ सावधानियां बरतकर इससे बचाव किया जा सकता है। यहां पिछले कुछ समय से बुखार की चपेट में ज्यादा लोग आ रहे हैं और परिवार में किसी एक सदस्य को बुखार होने पर अन्य भी इसकी चपेट में आते हैं। बच्चों को भी यह काफी चपेट में ले रहा हैं। बुखार का कारण मौसम में बदलाव व खानपान सही नहीं होना बताया जा रहा है। जहां बुखार करीब एक सप्ताह तक लोगों को परेशान कर रहा है। वहीं उसके बाद कुछ ज्यादा ही परेशानी झेलनी पड़ रही है। बुखार ठीक होने के पंद्रह दिन बाद तक गले का संक्रमण परेशान कर रहा है। सीएचसी में जहां इस तरह के रोजाना मरीज खांसी और गला खराब होने के मरीज सीएचसी पर आ रहे हैं। पचास से ज्यादा मरीज पहुंचकर उपचार करा रहे हैं। सीएचसी में कार्यरत फार्मासिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष डा.ओमवीर मलिक व वरिष्ठ फार्मासिस्ट धर्मेंद्र बैधवान एवं जिला सचिव दिनेश खोखरका कहना है कि बुखार के बाद गले में संक्रमण होने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। तापमान में अधिक अंतर होने के कारण लोग ठंडी ठंडी फ्रिज में रखी वस्तुओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही खट्टी चीजों का सेवन कर रहे हैं, जिससे संक्रमण बढ़ने की आशंका रहती हैं। इससे घबराने की जगह चिकित्सक से उपचार कराएं तो यह ठीक हो जाता है। मंगलवार को स्वास्थ्य संबंधित उपचार करने वाले लोग मरीजों की सीएचसी में लंबी लाइन लगी रही।

## आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में दलित बारात पर हुए हमले का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। पीड़ित परिवार ने भीम आर्मी के साथ एसएसपी श्लोक कुमार से मुलाकात की। पीड़ितों ने बताया कि ठाकुर समाज के लोगों ने उन्हें धमकी दी थी। घटना बीते गुरूवार की रात की है। गांव धमरावली में एक दलित युवक की बारात में डीजे बजाने का ठाकुर समाज ने विरोध करते हुए उन्होंने बारातियों पर हमला कर दिया। हमले में एक दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें मंदिर में प्रवेश से भी रोका गया और मंदिर का ताला जड़ दिया गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 29 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अब तक 6 आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 8 टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## विधानसभा टिकट के लिए राजनीतिक ड्रामा

**शाह टाइम्स ब्यूरा**

**बुलंदशहर।** डिबाई विधानसभा के सपा के बाहुबली पूर्व विधायक भगवान शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित की तथाकथित पत्नी अर्चना पांडा द्वारा लगाए जा रहे आरोप सिर्फ राजनीतिक स्टंटबाजी है। टिकट पाने की चाह में इस प्रकार के राजनीतिक आरोप लगाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। बाहुबली विधायक गुड्डू पंडित की तथाकथित पत्नी अर्चना पांडा द्वारा लगाए जा रहे आरोप सिर्फ कोरी राजनीति है। उस महिला द्वारा मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि मैंने उसे जीवन में कभी देखा तक नहीं। उन्होंने कहा कि यह महिला विधानसभा का टिकट पाने की चाह में झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। कुछ लोगों के उकसावे में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने एसएसपी से भी मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सपा नेत्री अर्चना पांडा ने कुछ दिनों पहले बाहुबली विधायक गुड्डू पंडित, उनके भाई पूर्व विधायक मुकेश पंडित और उनकी पत्नी काजल शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि जांच में अभी तक ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया है। जांच में पूर्व विधायक मुकेश पंडित और काजल शर्मा पर लगाये गए आरोप मिथ्या साबित हुए। जांच में अब तक सामने आए तथ्यों के अनुसार मुकेश पंडित और काजल शर्मा पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हुए हैं।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** चोला थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर रिठौरी दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और फरसे चलने लगे जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में लिया है। एएसपी ॠजुल शर्मा के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेस्टोरेंट के बाहर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** नगर क्षेत्र के सिरोधन कट के निकट स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर तीन दबंगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंटों से युवक पर हमला किया। आरोपियों ने युवक को बुरी तरह पीटा है। लोगों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सिकंद्राबाद सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने आश्वासन दिया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# ''दनान मियांकी खूबसूरत पहल''

# आरएसी ने कराया ग्यारह खुशनसीब बेटियों का इज्तिमाई निकाह

### हजरत अदनान मियां ने पढ़ाए निकाह, तोहफे देकर बेटियों को किया रुखसत किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट की जानिब से आज 11 खुशनसीब बेटियों का इज्तिमाई निकाह कराया गया। शरीअत की पाबंदी के साथ सजाई गई इस मुबारक महफिल में दूल्हों और दुल्हनों के घरानों से आए मेहमान भी शरीक हुए। महफिल की सरपरस्ती नबीरा-ए-आला हजरत अफरोज रजा कादरी साहब ने फरमाई। नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने सभी जोड़ों के निकाह पढ़ाए। देर रात तक चली तैयारियों के बाद आरएसी की टीम सुबह से पीलीभीत बाईपास स्थित फाहम लॉन में जुट गई। किचन में खाने की तैयारियां शुरू हो गईं। लॉन के एक सिरे पर उलामा और दूल्हों के लिए बड़ा स्टेज सजाया गया। दूर तक कुर्सियां, मेजें और सोफे लगाए गए। दिन चढ़ते-चढ़ते दूल्हे और दुल्हनें अपने मेहमानों के साथ पहुँचने लगे। पर्दे का खास एहतमाम किया गया था, लिहाजा दुल्हनों को अंदर हॉल में बैठाया गया और दूल्हों को मैदान पर बने बड़े स्टेज पर। नबीरा-ए-आला हजरत अदनान मियां की जानिब से दूल्हों के सेहरे और दुल्हनों की सेहरियों का इंतजाम भी था। सेहरे और सेहरियां बंधने के बाद दूल्हों-दुल्हनों की फबन देखते ही बनी। इस दौरान मेहमानों की आमद का सिलसिला भी चलता रहा, जिसमें शहर की जानी-मानी हस्तियां शामिल रहीं। हजरत अदनान मियां साहब ने सभी जोड़ों के निकाह पढ़ाए तो महफिल शबाब पर पहुंची। तमाम मेहमानों ने नए जोड़ों को मुबारकबाद पेश की।

इस मौके पर नबीरा-ए-आला हजरत ने अपनी तकरीर में दूल्हों और दुल्हनों को शरीअत की पाबंदी के साथ रहने की ताकीद की। उन्होंने महफिल में शरीक मेहमानों को मुखातिब करते हुए निकाह को आसान बनाने पर जोर दिया और सभी जोड़ों को दुआओं से नवाजा।

निकाह के बाद खाना शुरू हुआ। शरीअत की पाबंदी करते हुए सभी ने बैठकर खाना खाया। मर्दों और औरतों के खाने का इंतजाम अलग-अलग किया गया। आखिर में सभी जोड़ों को तोहफों के साथ रुखसत किया गया। इस खूबसूरत महफिल में बड़ी तादाद में आरएसी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेजबान की हैसियत से जुटे रहे।

इस मौके पर खानवादा ए रजविया से हजरत सिराज रजा खां, खान नईम अहमद, हजरत कारी तस्लीम रजा खां, मौलाना हम्माद रजा कादरी, मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी, हजरत नजीब रजा खां, हन्नान उद्दीन रजा, अम्मार वसीम, अली रजा कादरी, मुकर्रम रजा खां, फैज रजा खां, ईकान रजा खां, मो. हसिन हसन खां के साथ उलामा में मुफ्ती उमर रजा साहब, हाफिज इमरान बरकाती, मुफ्ती तौफीक नईमी, मुफ्ती नईम उल कादरी, मुफ्ती मुजम्मिल, मुफ्ती अय्यूब, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना अमीर अहमद, मौलाना सय्यद सफदर अली, मौलाना शाहिद रजा, मौलाना सय्यद तौकीर, मौलाना निजाम अख्तर, मौलाना सय्यद तहसीन, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना जफर, मौलाना सलीम रजा, मौलाना सद्दाम रजा, मौलाना कमरउज्जमां, शायर-ए-इस्लाम गुलफाम रजा हस्सानी, नईम अख्तर, गुलाम गौस गजाली, हमदम फैजी, हाशिम रजा हुसैनी, इमरान बरकाती, मौलाना नसीम फारूकी, मौलाना वसीम अजहर शरीक हुए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत पता: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपंत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**डिमांड नोटिस**
प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ "बाध्यताधारी" कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है। उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. **कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रूप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।**

| ऋण खाता नम्बर | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | कुल बकाया राशि (रू.) निम्न दिनांक तक | मांग सूचना तिथि एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHF 0703000 100192 883 | श्री विजय सूरी (उधारकर्ता) और श्रीमती संजय सूरी और ओम मोबाइल अपने मालिक के माध्यम से (सह-उधारकर्ता) | 13/02/2025 तक देय धनराशि रू. 12,68,154/-(रूपये बारह लाख अड़सठ हज़ार एक सौ चौवन मात्र) | 13-02-2025 & 03-02-2025 |

**सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियां:** यह सभी टुकड़े और पार्सल पर आवासीय सम्पति फ्लैट नंबर 63/3/सी, दूसरी मंजिल पर खसरा नंबर 1549 एम में शामिल, आकांशा कुंज कॉलोनी, कस्बा मवाना कला, परंगना हस्तिनापुर, **तहसील मवाना और जिला मेरठ ,क्षेत्रफल 129.13 वर्ग मीटर ,साथ ही विक्रय विलेख के तहत ऐसी सभी सुविधाएं के साथ, उक्त सीमाएँ : पूर्व:** 24 फीट/रास्ता 9 फीट से कम चौड़ा, **पश्चिम:** 24 फीट/सद्दीक का खेत और अन्य, **उत्तर:** 57.79 फीट/मनोज कुमार रस्तोगी की संपत्ति और **दक्षिण:** 58.05 फीट/शांता देवी की संपत्ति।

| | | | |
|---|---|---|---|
| TCHHL 0703000 100173 028, TCHIN 0703000 10017 5671 | श्री विजय सूरी (उधारकर्ता) श्रीमती संजय सूरी (सह-उधारकर्ता) | 13.02.2025 तक देय धनराशि रू 13,36,809/- (रू. तेरह लाख छत्तीस हजार आठ सौ नौ रुपये मात्र) आपके द्वारा खाता संख्या नं TCHHL 0703000100173028 के तहत आपके द्वारा देय धनराशि रू. 1,06,628/- (रू. एक लाख छह हजार छह सौ अट्ठाईस मात्र) आपके द्वारा खाता संख्या नं TCHIN 0703000100175671 के तहत बकाया और देय है यानी कुल मिलाकर रु 14,43,437/- (रु. चौदह लाख तैंतालीस हज़ार चार सौ सैंतीस मात्र) | 13-02-2025 & 03-02-2025 |

**सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियां:** यह सभी टुकड़े और पार्सल पर आवासीय सम्पति फ्लैट नंबर 3/3/सी, दूसरी मंजिल पर खसरा नंबर 1549 एम में शामिल, **आकांशा कुंज कॉलोनी, कस्बा मवाना कलां, परगना हस्तिनापुर, तहसील मवाना और जिला मेरठ, क्षेत्रफल 129.13 वर्ग मीटर, साथ ही विक्रय विलेख के तहत ऐसी सभी सुविधाएं के साथ, उक्त सीमाएँ : पूर्व:** 24 फीट/रास्ता 9 फीट से कम चौड़ा, **पश्चिम:** 24 फीट/सद्दीक का खेत और अन्य, **उत्तर:** 57-79 फीट/मनोज कुमार रस्तोगी की संपत्ति और **दक्षिण:** 58-05 फीट/शांता देवी की संपत्ति।

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निर्दिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि- यदिजैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।
कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित हैं.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

दिनांक: 26.02.2025,
स्थान: मेरठ
एसडी/-अधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

**कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत गांगनौली वि.खं बिनौली ( बागपत )**

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/१५वॉं वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२४-२५** **दिनांक**-25.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक-02.03.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक-02.03.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानक. ारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | रामकुमार के स्टोर से शेभित के मकान तक सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 377500 | 420 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | जूनियर स्कूल में फ्लौर टाईल्स का निर्माण कार्य। | 297200 | 315 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्राईमरी स्कूल नं.1 में फ्लौर टाईल्स का निर्माण कार्य। | 162900 | 210 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्राईमरी स्कूल नं.2 में फ्लौर टाईल्स का निर्माण कार्य। | 264500 | 315 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गांगनौली**
**विकास खण्ड-बिनौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत गांगनौली**
**विकास खण्ड-बिनौली ( बागपत )**

SBI **भारतीय स्टेट बैंक** तनावग्रस्त आस्ति रिकवरी शाखा-।
प्रथम तल, 23, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110015, फोनः 25419177, 25412977 ई-मेलः sbi.05169@sbi.co.in

**परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) चल/अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा, (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूत - दाता (भारतीय स्टेट बैंक) से - प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनाको को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

| क्र. सं. | कर्जदार(बी)/गारंटर(रों)(जी) का नाम एवं पता | नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता (सम्पति का भौतिक/ सांकेतिक कब्जा) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि | बकाया राशियां जिसकी वसूली हेतु सम्पति बेची जा रही है | संपर्क हेतु व्यक्ति का नाम और नं. | ई-नीलामी की तिथि प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | सम्पति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स नमोकार कार्स प्रा. लिमिटेड, एनएच-58, अंसल टाउन के पास, दिल्ली देहरादून बाईपास, पल्लवपुरम, मेरठ यूपी 250110<br>श्री शिवम जैन, पुत्र श्री संजय कुमार जैन, दुर्गापुरी, बसंत सिनेमा के पास, खतौली, मुजफ्फर नगर<br>श्रीमती रितु जैन, पत्नी श्री संजय कुमार जैन, दुर्गापुरी, बसंत सिनेमा के पास, खतौली, मुजफ्फर नगर (उ.प्र.)<br>मैसर्स हेन्चमैन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, बाय पास, बीकानेर के पास, पल्लवपुरम एनएच-58, अंसल टाउन के पास, दिल्ली देहरादून रोड, मेरठ-250110 | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि व्यवसायिक भवन सर्वे नं. 12555, खसरा नं. 14 मिन और 16 मिन का भाग गांव रोशनपुर डोरली, मेन बाईपास रोड, परगना दौराला, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 में स्थित है।<br>(सांकेतिक कब्जा बैंक के पास है।) | ₹ 15.00 करोड़<br>₹ 150.00 लाख<br>₹ 1.00 लाख | रु. 8,01,47,417.00 दिनांक 28.02.2024 तक और भविष्य का ब्याज एवं प्रभार इत्यादि | श्री मनमोहन चौहला मो. नं. 7055553155<br>श्री जय नारायण मो. 8059456400 | 29-03-2025<br>पूर्वा. 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 21-03-2025<br>अपॉह 02.00 बजे से अपॉह 04.00 बजे तक |

ई-नीलामी हेतु नियम व शर्तें:-
1. ई-नीलामी "जैसा है जहाँ है" तथा "जैसा है जो भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी। यह नीलामी वेबपोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाईन संचालित की जायेगी। ऑनलाईन नीलामी बिक्री के अन्तर्गत ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र, सामान्य नियम व शर्तें आदि निविदा दस्तावेज ई-नीलामी प्लेटफार्म **https://baanknet.com** पर उपलब्ध है
2. अधोहस्ताक्षरकर्ता की सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सम्पत्ति(यो) पर कोई प्रभार नही है। तथापि इच्छुक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी मे रखी गयी सम्पत्ति(यो) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यो) को प्रभावित करने वाले दावो / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनवद्धता/प्रतिवद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा। सम्पत्ति(यों) की बिक्री बैंक को ज्ञात या अज्ञात वर्तमान विद्यमान एवं भावी प्रभारो/ऋणभारो के साथ की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पूर्व **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।
4. यह ई-नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अनुसार की जायेगी।
6. ई-नीलामी के अन्य नियम व शर्तें निम्नलिखित वेबसाईटो **https://baanknet.com** पर प्रकाशित की गई है।
**ध्यान दें: उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को 15/30 दिनों की बिक्री नोटिस पूर्व ही पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेज दी गई है। यदि ऐसी पार्टी/पार्टियों को यह नहीं मिला है, तो इस नोटिस को इन सभी पक्षों के लिए सेवा का वैकल्पिक तरीका माना जा सकता है।**

दिनांक **17-02-2025**, स्थान : नई दिल्ली
हस्ता०/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# विराट कोहली की पारी अच्छे प्रदर्शन की क्षमता का प्रमाण रिकी पोंटिंग



■ कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था, जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में विराट को. हली के शतक को असाधारण बताते हुए आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग ने कहा कि कोहली की पारी महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण है। दुबई में एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में विराट को. हली ने शानदार शतक लगाकर भारत को पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत दिलाई थी।

पोटिंग ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि बड़े खेल बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े क्षणों में खड़े होने के लिए अपने बड़े नामों की आवश्यकता है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई खेल नहीं है। उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आप जो करते हैं, उससे आपकी प्रतिष्ठा बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है।ह उन्होंने कोहली की 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन की पारी को उनके स्वभाव और महत्वपूर्ण परिस्थितियों म अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण बताया। पोंटिंग ने कहा कि 2022 में टी20 विश्वकप में और अब वह उस टीम (पाकिस्तान) के खिलाफ खड़ा हुआ जिसके खिलाफ खेलने के लिए वह शायद खुद को सबसे मजबूत करेगा और कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। इस तरह की मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए शीर्ष क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर यह काम कोहली को ही पूरा करना था। पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तान ने 49.4 ओवरों में 241 रन बनाए, जो चुनौतीपूर्ण लग रहे थे मगर भारत की बल्लेबाजी ने इसे बौना कर दिया। पाकिस्तान के पास ऐसे कई बल्लेबाज़ थे जिन्होंने शुरुआत तो की लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। सऊद शकील (62), मोहम्मद रिजवान (46) और खुशदिल शाह (38) सभी ने योगदान दिया, लेकिन इनमें से किसी ने भी मेजबान टीम के लिए निर्णायक पारी नहीं खेली। पोंटिंग ने कहा कि आप दो स्कोरकार्ड देखें, यह एक है, विराट 100 रन बना रहा है, और पाकिस्तान के बहुत से खिलाड़ी बिना किसी के आगे बढ़े और बड़ा स्कोर बना रहे हैं। मैंने हमेशा से कहा है, खेल के किसी भी प्रारूप में 50 या अर्धशतक कभी भी आपको या आपकी टीम को कुछ नहीं दिला सकता। आपको बड़े स्कोर हासिल करने होंगे और इसलिए व्यक्तिगत बड़े स्कोर नहीं थे, लेकिन बड़ी साझेदारियां भी नहीं थीं। अनुभवी जोड़ी कुलदीप यादव (3/40) और हार्दिक (2/31) ने पाक को रोकने में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे अधिक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित नहीं कर सकें। 242 रनों का पीछा करते हुए, भारत ने शुरुआती विकेट खो दिए, लेकिन कोहली ने संयम और सटीकता के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अय्यर (56) के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाते हुए, उन्होंने कई सही समय पर स्ट्रोक और नियंत्रित आक्रामकता के साथ भारत को जीत दिलाई।

# इंग्लैंड से मुकाबले के लिए हम तैयार: शाहीदी



● अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा: कप्तान

**लाहौर, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने अपनी टीम को आत्ममुग्धता से बचने की अपील करते हुए कहा कि उनकी टीम इंग्लैंड से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने टीम के सदस्यों को आत्ममुग्धता से बचने की सलाह देते हुए मैदान में बने रहने के महत्व पर जोर दिया। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अफगानिस्तान की काफी प्रशंसा की गई, जिसमें कई क्रिकेटर्स भी शामिल थे। दक्षिण अफीका से हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रहे कप्तान शाहिदी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को परिणाम देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। शाहीदी ने कहा कि हां, यह अच्छा लगता है जब दिग्गज और क्रिकेट विशेषज्ञ आपके और आपकी टीम के बारे में सकारात्मक बातें करते हैं। इससे आपको आत्मविश्वास मिलता है लेकिन साथ ही, अगर कोई बात करता है और कहता है तो इसका मतलब यह नहीं है हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अगर वे कहते हैं कि हम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगे, तो हमें इसके लिए मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होने कहा कि जैसा कि मैंने कहा, चैंपियन ट्रॉफी में गुणवत्ता वाली टीमें हैं, दुनिया की शीर्ष आठ रैंकिंग वाली टीमें हैं। इसलिए एक-दूसरे का सामना करना कठिन चुनौती है। ये चीजें हमें आत्मविश्वास देती हैं लेकिन साथ ही, अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा। अफगानिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत निराशा. जनक रही और उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 107 रनों की भारी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान शाहिदी से पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान के लिए पहले बोर्ड पर रन बनाना और फिर अपने बेहतर गेंदबा. जी आक्रमण का उपयोग करके विपक्षी टीम को रोकना अधिक प्रभावी होगा। उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे हमें अधिक मौका मिलता है। लेकिन साथ ही, हमने पिछले विश्व कप में दूसरी बल्लेबाजी करते हुए टीमों को भी हराया था। उन्होने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खेल में, मुझे लगता है कि विकेट तेज़ गेंदबाज़ी के लिए थोड़ा मददगार था। यह भी मानता हूं कि पहले 20 ओवरों में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी में दम नहीं था। जब हमारे स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो उनके लिए कोई समर्थन नहीं था। मैंने एक भी गेंद को टर्न होते नहीं देखा। इसलिए हम अच्छा नहीं खेल पाए, खासकर बल्लेबाजी में। हमने पहले 20 ओवरों में अच्छी शुरुआत नहीं की।

## ब्रायडन की जगह रेहान अहमद इंग्लैंड टीम में

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्से के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिका. रिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक - इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।

**खेल विशेष**

## बारिश की भेंट चढ़ा ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला

**रावलपिंडी, वार्ता।** लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया, जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। सुबह से जारी बारिश के चलते ग्राउंड स्टाफ के पास भारतीय समयानुसार 1932 बजे के कट-ऑफ समय से पहले मैदान को खेलने योग्य बनाने का कोई मौका नहीं बचा जिसके बाद मैदान अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। मैच के रद्द होने से ग्रुप बी को और अधिक अनिश्चितता में डाल दिया है, जिससे कल इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच खेला जाने वाला मैच नॉकआउट हो गया है।

## नीदरलैंड ने भारत को 4-2 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी को सोमवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां भुवनेश्वर के स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड के लिए एम्मा ने 7वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद उदिता ने 18वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

# पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदार:सना मीर



■ टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है, पाक झेल रहा आलोचनाएं

**कराची, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर वसीम अकरम और शोएब अख्तर समेत कई दिग्गजों की आलोचना झेल रही पाकिस्तानी टीम को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर से भी खरी खोटी सुननी पड़ी है। सना मीर का कहना है कि पाकिस्तान की खस्ता हालत के लिए चयनकर्ता भी जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान का खेल तो तभी खत्म हो गया था जब टीम घोषित की गई थी। इस टीम का कोई भी भला नहीं कर सकता। चाहे वह महेन्द्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान हो या फिर पाकिस्तान के सफल कप्तान युनुस खान ही क्यों न हो। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहे मेजबान पाकिस्तान अपने दो शुरुआती मैच न्यूजीलैंड और भारत से हार कर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकाहै। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने 'गेम ऑन है' कार्यक्रम में कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या यूनुस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है। मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत बी टीम पाक की सर्वश्रेष्ठ टीम को दे सकती है चुनौती: सुनील



● भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाईन का श्रेय IPL को जाता है: सुनील गावस्कर

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पाकिस्तानी दिग्गजों के कोपभाजन का शिकार बनी रिजवान की टीम पर निशाना साधते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत की दूसरी पंक्ति की टीम पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के लिए गंभीर चुनौती पेश कर सकती है।

एक खेल प्रसारण पर बोलते हुए, गावस्कर ने मौजूदा टीम से रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, रिंकू सिंह और यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर करने का हवाला देते हुए भारत के प्रतिभा पूल की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिप्पणी की कि मौजूदा पाकिस्तान टीम के लिए भारत की बी टीम को हराना बहुत मुश्किल होगा, हालांकि मैं सी टीम के बारे में निश्चित नहीं हूं। गावस्कर ने भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाइन का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दिया, जिसने युवा खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले क्रिकेट का अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय क्रिकेट लगातार मैच के लिए खिलाड़ियों को तैयार करता है। कई क्रिकेटरों ने आईपीएल से रणजी ट्रॉफी और फिर राष्ट्रीय टीम में आसानी से बदलाव किया है।

# ऐज फ्रॉड केस में लक्ष्य की याचिका खारिज

● हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए, भारतीय शटलर पर 2 साल 6 महीने उम्र घटाने के आरोप



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन के ऐज फ्राड मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। दरअसल 2022 में लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार पर जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट्स में जन्म प्रमाण पत्र के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। लक्ष्य की याचिका का रिव्यू करने के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा, मामले में ऐसे सबूत मौजूद हैं जो जांच की आवश्यकता को दर्शाते हैं। आरोपियों ने लक्ष्य और चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र में करीब दो साल छह महीने की उम्र घटा दी जिससे वे अंडर ऐज टूर्नामेंट में भाग ले सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर पाए। 23 साल के शटलर लक्ष्य सेन के ऊपर एम. जी. नागराज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत जन्म प्रमाण पत्र पर हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप लगाते हुए एक निजी शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई चिराग सेन, कोच विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म रिकार्ड में फर्जीवाड़ा किया है। शिकायत के बाद, एक मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट ने जांच का आदेश दिया था और दिसंबर 2022 में आरोपियों के ऊपर एफआईआर दर्ज की गई थी। लक्ष्य सेन की याचिका क्या थी? लक्ष्य ने अपनी याचिका में कहा था, ऐज फ्राड का मामला तथ्यात्मक सबूतों के बजाय व्यक्तिगत शिकायतों पर बनाया गया था। शिकायतकर्ता एमजी नागराज 2020 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में अपनी बेटी के दाखिल न होने पर निराश थे। जिस वजह से उन्होंने लक्ष्य पर आरोप लगाए। सेन परिवार के अनुसार, आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। पेरिस में शुरुआती 4 मैच 2-2 गेम में ही जीते पेरिस ओ. लिंपिक से पहले लक्ष्य ने बीडब्ल्यूएफ के ज्यादातर टूर्नामेंट खेले। इंडोनेशिया ओपन के रूप में उन्होंने आखिरी टूर्नामेंट खेला, जिसमें वह क्वार्टर फाइनल हार गए। वह एकेडमी पहुंचे और पेरिस ओलिंपिक की तैयारी में जुट गए। पेरिस में उन्होंने ग्रुप स्टेज में तीनों मैच 2 ही गेम में जीत लिए। प्री क्वार्टर फाइनल भी 2 गेम में जीता, फिर क्वार्टर फाइनल 3 गेम में जीतकर सेमीफाइनल में भी जगह बना ली। उन्हें सेमीफाइनल में फ्रांस के प्लेयर ने हराया था।

# मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल करने के लिए पीएम की शुक्रगुजार: मीराबाई चानू



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में कुश्ती में रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नामित किए जाने से बेहद उत्साहित हैं। उन्होने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। चानू ने एक्स के जरिए अपनी भावना का इजहार करते हुए कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नामित किए जाने से उत्साहित हूं। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटापे की समस्या पर अपने विचार रखते हुए कहा था कि नियमित दिनचर्या और खान पान से मोटापे को नियंत्रित किया जा सकता है। अगर हम अपने खाने में तेल का इस्तेमाल कम करेंगे तो इससे मोटापे की समस्या से निजात मिल सकती है। उन्होने कहा था कि वह दस लोगों को मोटापे के खिलाफ जागरुकता के लिए नामित करेंगे और उम्मीद करेंगे कि उन दस में प्रत्येक व्यक्ति अगले दस लोगों को मोटापे के प्रति जागरुक करेगा और हम फिट इंडिया के सपने को साकार करेंगे।



## भारत ने दृष्टिहीनों की टी-20 सीरीज जीती

**बेंगलुरु, वार्ता।** टीम इंडिया ने दृष्टिहीन पुरुषों की द्विपक्षीय टी-20 क्रिकेट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश पर नौ विकेट से बड़ी जीत हासिल की। मणिपाल यूनिवर्सिटी कैंपस में इस जोरदार जीत के साथ भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारत ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और बांग्लादेश को 20 ओवरों में चार विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। सलमान 38 गेंदों में 50 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज बने वहीं भारत की ओर से टी- दुर्गा राव ने तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे भारत के सुनील रमेश ने सिर्फ 46 गेंदों में नाबाद 96 रन बनाकर मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। नकुल बदनायक ने 31 गेंदों में 50 रन बनाए। दोनो के बीच 100 रनों की साझेदारी ने लक्ष्य को 14-4 ओवरों में पाने में महती योगदान दिया। इस जीत के साथ, भारत ने ब्लाइंड क्रिकेट में अपना वर्चस्व कायम करते हुए दो मैच शेष रहते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

## सेना की सेवा ने मेरी कबड्डी क्षमता को जगाया: देवांक दलाल

**कटक, वार्ता।** पटना पाइरेट्स और सर्विसेज के स्टार रेडर देवांक दलाल सीजन 11 ने अपने खेल में सुधार का श्रेय भारतीय सेना को देते हुए कहा कि उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ सशस्त्र बलों में प्रवेश के साथ आया। हाल ही में 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप में 'बेस्ट प्लेयर' के सम्मान से नवाजे जाने के बाद देवांक ने कहा कि जब मैंने आर्मी ज्वाइन की, तब मुझे एहसास हुआ कि हां, मैं खेल सकता हूं। इस एहसास ने उन्हे एक ऐसी यात्रा को जन्म दिया जिसमें वह भारतीय कबढी के रैंकों में ऊपर उठेंगे, और अंतत: जयपुर के लिए उनके चयन के बाद पीकेएल सीजन 11 से पहले पटना पाइरेट्स में शामिल हो गए। देवांक ने कटक के जवाहरलाल नेहरू में आयोजित चैंपियनशिप फाइनल में सर्विसेज टीम का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने रोमांचक मुकाबले में रेलवे को हराया। दड्डी देखकर शुरुआत की। मैं परदीप नरवाल को खेलते देखकर प्रेरित हुआ। पटना पाइरेट्स के लिए उनके चयन ने उनके गांव में जश्न का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि घर पर एक अलग ही फीलिंग थी। मेरा परिवार और गांव वाले खुश थे कि मैं पटना टीम के लिए सिलेक्ट हुआ हूं। लोगों ने गांव में लड्डू और रसगुल्ले बांटे। 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप ने राष्ट्रीय मंच पर दलाल की असाधारण प्रतिभा को दिखाया। पूरे भारत से शीर्ष राज्य और संस्थागत टीमों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट का समापन एक दिल थाम देने वाले फाइनल में हुआ, जहां सर्विसेज का मुकाबला एक मजबूत रेलवे स्क्वाड से हुआ।

# हादसों पर भारी आस्था

**धर्म** प्रेमियों ही नहीं, सभी देशवासियों के लिए यह तथ्य सुखद है कि महाकुंभ में देश विदेश के 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंच कर रिकॉर्ड बना डाला, पर यह भी कटु सत्य है कि इसमें बहुत से ऐसे लोग रहे, जो घर नहीं लौट पाए, इस सब के बावजूद भी कहा जा सकता है कि हादसों पर आस्था भारी पड़ रही है। महाकुंभ के 43 दिन में 100 से ज्यादा रोड एक्सीडेंट में 150 लोगों की मौत हो गई। हादसों में 385 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई लोगों को अब अपंग जैसी जिंदगी जीनी पड़ेगी। सबसे ज्यादा एक्सीडेंट राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर हुए। दिल्ली से वाया आगरा-कानपुर-प्रयागराज-वाराणसी होते हुए कोलकाता को जोड़ने वाले इस नेशनल हाईवे पर 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। सबसे बड़ा एक्सीडेंट प्रयागराज-मिर्जापुर रोड पर हुआ, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 19 लोग घायल हो गए। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ था, जो महाशिवरात्रि (कल) तक चलेगा। अभी इस आयोजन के समापन में दो दिन बाकी हैं। 43 दिनों में ही 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार हो गया। यानी औसतन रोज करीब डेढ़ करोड़ लोग त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। इसमें ज्यादातर लोग सड़क मार्ग से पहुंच रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले 6 प्रमुख मार्गों पर हो रहे हादसे प्रयागराज को 6 प्रमुख मार्ग, देश के दूसरे शहरों और राज्यों से जोड़ते हैं। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे आगे बिहार, झारखंड होते हुए कोलकाता तक जाता है। वहीं, प्रयागराज से कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर होते हुए यही हाईवे वाया आगरा-मथुरा होकर दिल्ली को जोड़ता है। 43 दिनों में अकेले इस हाईवे पर 40 लोगों की मौत हुई। इनमें प्रयागराज से कानपुर हाईवे पर 14, तो प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर 15 लोगों की मौत शामिल है। अन्य मौतें इसी हाईवे पर आगे के जिलों और प्रदेशों में हुई हैं। प्रयागराज-मिर्जापुर स्टेट हाईवे पर 15 फरवरी को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं की बोलेरो और मध्यप्रदेश के राजगढ़ जा रही श्रद्धालुओं की बस टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार 19 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद 4 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बोलेरो में कोरबा जिले के लोग सवार थे। वे महाकुंभ स्नान करने आ रहे थे। प्रयागराज मेला क्षेत्र में हुए इस हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। बोलेरो को काटकर शवों को किसी तरह से निकाला जा सका था। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट में करते हुए लिखा था-उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मिर्जापुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की रही, जो सड़क मार्ग से संगम स्नान करने पहुंचे। इसका नतीजा ये निकला कि प्रयागराज को जाने वाले ज्यादातर मार्गों पर श्रद्धालुओं को लंबे जाम में 7 से 9 घंटे तक फंसना पड़ा। इसे बाद जब वे जाम से निकलते, तो थक कर चूर हो चुके होते थे। इसीलिए ज्यादातर हादसे लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों के हुए। ड्राइव. रों की अत्यधिक थकान, घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंसने से मानसिक तनाव और रात में सफर के दौरान वे झपकी आने से नियंत्रण खो दे रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख हाईवे फोर-लेन या सिक्स-लेन के हैं। अच्छी सड़क के चलते ड्राइवर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। इस दौरान एक छोटी-सी भी नींद की झपकी या चूक हादसे की वजह बन जाती है। 22 फरवरी को इस तरह का हादसा प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर दिखा। फतेहपुर में भारतपुर मोड़ पर राजस्थान के धौलपुर जिले के श्रद्धालुओं को लेकर जा रही पिकअप कुछ देर के लिए रुकी।

## लाभार्थियों के सभी वजीफों में भारी कटौती हुई



**प्रधानमंत्री** मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती, तो की है साथ ही औसतम साल-दर- साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है, जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे, आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# आंदोलनों से जुड़े हैं प्रदर्शन, कलाएं और रंगमंच



डा. सत्यवान सौरभ

मजदूर वर्ग को आजाद कराने और स्थापित सत्ता के खिलाफ क्रांति को मज़बूत करने के लिए 20वीं सदी की शुरुआत में नुक्कड़ नाटक का विकास हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य रूप से उपनिवेशवाद विरोधी युग के दौरान भारत में वामपंथी रंगमंच कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। यद्यपि नुक्कड़ नाटक और लोक नाटक में कई समानताएं हैं, लेकिन नुक्कड़ नाटक एक सीधा-सादा कलात्मक माध्यम होने के बजाय एक सहभागी सामाजिक संचार प्रक्रिया है। इस निबंध में सामुदायिक विकास के एक उपकरण के रूप में नुक्कड़ नाटक के कार्य और क्षमता की जांच की गई है, जो सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना चाहता है। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के तुरंत बाद, थिएटर उद्योग में महत्त्वपूर्ण उथल-पुथल हुई। अधिक लोकप्रिय फ़िल्म शैलियों से प्रतिस्पर्धा ने मनो. रंजन थिएटर उद्योग को नुक़सान पहुंचाया। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बंगलौर जैसे प्रमुख शहरों में शौकिया रंग. मंच का विकास हुआ। जैसे-जैसे क्षेत्रीय नाटय परम्पराएं विकसित हुई हैं, भारत का रंगमंच और प्रदर्शन कलाएं सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक रही हैं। न्याय को बढ़ावा देने, सत्ता का विरोध करने और सामाजिक अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगमंच एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है।

बढ़ते क्षेत्रीय राष्ट्रवाद, राष्ट्र का प्रश्न और उपनि. वेशवाद विरोधी संघर्ष की जटिल कथाओं ने क्षेत्रीय नाटय परम्पराओं के विकास को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए, बंगाली नाटक नील दर्पण (1860) में बताया गया कि ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों का किस प्रकार शोषण किया जाता था। आधु. निक रंगमंच सांस्कृतिक उत्पादन के औपनिवेशिक मॉडलों और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रथाओं के प्रतिच्छेदन ने आधुनिक रंगमंच को आकार दिया है। रंगमंच सहित प्रदर्शन कलाएं सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त साधन तथा चर्चा के लिए एक जीवंत मंच बनी हुई हैं। रंगमंच लंबे समय से भारत में जागरूकता बढ़ाने, सुधार और प्रतिरोध के लिए एक सशक्त साधन रहा है, जिसका प्रभाव राजनीतिक आंदोलनों के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं पर भी पड़ा है। शास्त्रीय रीति-रिवाजों से लेकर समकालीन नुक्कड़ नाटकों तक, इसने सामाजिक बदलावों को प्रतिबिंबित करने और प्रभावित करने के लिए कभी भी बदलाव करना बंद नहीं किया है। सामाजिक अन्याय को लंबे समय से रंगमंच के माध्यम से प्रकाश में लाया जाता रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण को 1860 में बंगाली थियेटर के नील दर्पण द्वारा सार्वजनिक किया गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर नाटकों और लोक प्रदर्शनों के माध्यम से संगठित किया गया था। रंगमंच के माध्यम से, भारतीय जन रंगमंच संघ (इप्टा) ने 1943 में उपनिवेशवाद विरोधी भावना को बढ़ावा दिया। निम्न वर्ग के समुदाय रंगमंच के माध्यम से अपनी पहचान व्यक्त करने में सक्षम रहे हैं। दलित सशक्तिकरण और अम्बेडकरवादी दर्शन को भीम नाटय (महाराष्ट्र) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। रंगमंच का उपयोग भ्रष्टाचार को उजागर करने और नीतियों की आलोचना करने के लिए किया गया है। 1980 के दशक में, सफ़दर हाशमी के जन नाटय मंच ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिनमें सरकारी नीतियों की आलोचना की गई, इसके कारण 1989 में उनकी हत्या कर दी गई। कानून और सामाजिक सुधार रंगमंच से प्रभावित हुए हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 में प्रकाशित पुस्तक सखाराम बाइंडर में महिलाओं के अधिकारों और घरेलू दुर्व्यवहार के खुलासे पर चर्चा के परिणामस्वरूप सख्त सेंसरशिप कानून बनाए गए। धार्मिक और सामाजिक परंपराएं: प्राचीन रंगमंच की मज़बूत धार्मिक और सामाजिक जड़ें थीं। कुटियाट्टम (केरल), जिसे 2001 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, अभी भी संस्कृत रंगमंच की परंपराओं को क़ायम रखे हुए है। लोक रंगमंच के माध्यम से सामाजिक टिप्पणी: वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को लोक परंपराओं में प्रतिबिंबित किया गया है। नक्सलवादी आंदोलन के दौरान वर्ग संघर्ष को जत्रा (बंगाल) में दर्शाया गया। आधुनिक रंगमंच में मानवाधिकार, लोकतंत्र और भ्रष्टाचार नए विषय बन गए। 1950 के दशक में हबीब तनवीर के नया थिएटर ने लोक और आधुनिक विषयों को मिलाकर सामाजिक मुद्दों को चित्रित किया। राज्य हस्तक्षेप और सेंसरशिप: राजनीतिक रूप से संवे. दनशील नाटकों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाते हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 की फ़िल्म घासीराम कोतवाल को जाति आधारित भ्रष्टाचार और शोषण को उजागर करने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था। डिजिटल प्लेटफार्म की लोकप्रियता ने थिएटर के प्रभाव और पहुंच को बढ़ा दिया है। सामाजिक सक्रियता के लिए, यूटयूब आधारित थिएटर समूह, जैसे जन नाटय मंच, डिजिटल प्रदर्शनों का उपयोग करते हैं।



# दांतों ने उजागर किया स्तनपात का पैटर्न...

**मां** के दूध के जगजाहिर फायदों को देखते हुए सलाह दी जाती है कि पहले 6 महीनों तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिए। लेकिन शिशु को स्तनपान कराना बंद कब करें? यह प्रश्न जितना महत्वपूर्ण आजकल के माता-पिता के लिए है, उतना ही महत्वपूर्ण प्राचीन रोमवासियों के लिए भी था। और प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नेक्सस में प्रकाशित हालिया अध्ययन कहता है कि आधुनिक समय और प्राचीन समय के बाशिंदो की न सिर्फ स्तनपान सम्बंधी चिंताएं एक जैसी हैं, बल्कि स्तनपान बंद कराने की प्रवृत्ति भी मेल खाती है। पाया गया कि अतीत में ग्रामीण रोमवासियों की तुलना में शहरी रोमवासी बच्चे का स्तनपान जल्दी बंद करा देते थे, और स्तनपान बंद कराने के ऐसे ही पैटर्न आधुनिक समय में भी दिखते हैं।

मां का दूध शिशुओं को पोषक तत्व और एंटीबॉडीज देता है जो उन्हें बीमारियों से बचाते हैं और उनकी अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास में मदद करते हैं। ऐसा देखा गया था कि बेबी फॉर्मूला के आगमन से पहले, जिन शिशुओं का मां का दूध बहुत जल्दी छुड़ा दिया जाता था उन्हें संक्रमण होने का जोखिम अधिक होता था। द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व के सोरेनस जैसे चिकित्सकों ने स्तनपान के बारे में विस्तार से लिखा था, और बच्चे के लगभग दो वर्ष की आयु होने पर स्तनपान बंद करने की सलाह दी थी। वर्तमान में भी विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाह देता है कि पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए, और फिर धीरे-धीरे कम करते हुए दो साल की उम्र तक स्तनपान छुड़ाया जा सकता है।

लेकिन प्राचीन समय में स्तनपान प्रथाएं कैसी थीं? प्राचीन रोम के संदर्भ में हुए कुछ अध्ययनों में इसे समझने के लिए प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों और पुरातात्विक अवशेषों को ही खंगाला गया था। लेकिन इन ग्रंथों तक पहुंच अक्सर अमीर परिवारों की ही होती थी, जो शहरों में रहते थे और आम तौर पर अपने शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए धाय-मां रखते थे। इसलिए रोमन साम्राज्य के ग्रामीण इलाकों में शिशुओं का खान-पान अब तक अनजाना ही था।

मैक्स प्लांक इंस्टीटयूट ऑफ जियोएंथ्रोपोलॉजी के जैव पुरातत्वविद कार्लो कोकोजा की टीम संपूर्ण रोमन साम्राज्य (ग्रामीण और शहरी) में बच्चों के आहार पैटर्न समझना चाहती थी। लेकिन इसे समझने के लिए अध्ययन किसका किया जाए?


दांतों व दाढ़ों की डेंटाइन इसमें मददगार साबित हो सकती है। दरअसल डेंटाइन के ऊतकों की परतें आपने कब क्या खाया, सब बयां कर सकती हैं। और, मां के दूध में कार्बन-13 के मुकाबले नाइट्रोजन-15 आइसोटोप का स्तर काफी अधिक होता है। डेंटाइन की परतों में नाइट्रोजन आइसोटोप का स्तर देखकर स्तनपान बंद किए जाने के समय का अंदाजा लगाया सकता है। जब तक शिशु स्तनपान कर रहा होगा नाइट्रोजन आइसोटोप डेंटाइन की शुरुआती परतों में अधिक मिलेगा और बंद करने के बाद की परतों में अचानक से नदारद दिखेगा।

तो, शोधकर्ताओं ने पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर चौथी ईसवीं सदी के समय में रोमन साम्राज्य में रहने वाले 45 वयस्कों की पहली दाढ़ के डेंटाइन का अध्ययन किया। इन दाढ़ों को शहरी इलाकों-जैसे ग्रीस के थेसालोनिकी और इटली के पोम्पेई से लेकर ग्रामीण इलाकों-जैसे इंग्लैंड के बैनेस और इटली के ओस्टिया तक से प्राप्त किया गया था। विश्लेषण में पाया गया कि रोमन साम्राज्य के शहरी स्थलों में स्तनपान दो वर्ष की आयु में बंद कर दिया जाता था, जबकि ग्रामीण स्थलों में डेढ़ साल से लेकर पांच साल की आयु तक के बच्चों को स्तनपान कराया जाता था। इससे लगता है कि रोम के शहरी केंद्रों से दूर के स्थलों पर 'आधिकारिक' चिकित्सा सलाह कम पहुंची होगी, साथ ही यह भी लगता है कि निम्न आय वाले ग्रामीण परिवार यह सोचकर स्तनपान लंबे समय तक जारी रखते होंगे कि सीमित भोजन एक और शिशु में न बंटे।

ये नतीजे आज के स्तनपान पैटर्नों से मेल खाते हैं। अध्ययन बताते हैं कि वर्तमान समाज में शहरी क्षेत्रों में स्तनपान जल्दी छुड़ाया जाता है। इसका एक कारण शहरीकरण है। जीवन स्तर में सुधार के साथ लोगों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हुआ है, साथ ही चिकित्सा तक अधिक पहुंच भी हुई है। दूसरी ओर, ग्रामीण इलाकों में लंबे समय तक स्तनपान जारी रहता है।

बहरहाल, ये निष्कर्ष सीमित नमूनों पर आधारित हैं इसलिए पर्याप्त डैटा के साथ अधिक अध्ययन इन नतीजों को मजबूती दे सकते हैं। साथ ही कई अनुत्तरित सवालों के जवाब भी दे सकते हैं। जैसे, क्या आप्रवासी लोग रोमन चिकित्सकों की सिफारिशों का पालन करते थे?

स्रोत फीसर्च




# आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ने का दिव्य अवसर है महाशिवरात्रि



योगेश कुमार गोयल

**भगवान** शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

### महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है।

### इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को होती है अक्षय पुण्य की प्राप्ति

इस रात्रि में अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोक. ामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?



इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, 'जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है।

# Gmail में होगा बड़ा बदलाव

## अकाउंट हैकिंग जैसी समस्याओं से मिलेगी राहत!

**गूगल** जल्द ही जीमेल अकाउंट्स के लिए **SMS** बेस्ड टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को हटाने की योजना बना रहा है। **Forbes** की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी इसके बजाय **QR** कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन सिस्टम अपनाने की तैयारी कर रही है। गूगल के एक प्रवक्ता का कहना है कि जैसे कंपनी पासवर्ड्स को पासकीज से रिप्लेस कर रही है, वैसे ही एसएमएस मैसेजेस से भी छुटकारा पाने की प्लानिंग की जा रही है। कंपनी का मानना है कि ये कदम एसएमएस से जुड़े सिक्योरिटी खतरों और फ्रॉड को कम करने में मदद करेगा।

रिपोर्ट बताती है कि गूगल के मुताबिक, एसएमएस कोड्स कई सिक्योरिटी चुनौतियों के साथ आते हैं। कंपनी के प्रवक्ता **Ross Richendrfer** और उनकी सहयोगी **Kimberly samra** ने पब्लिकेशन को बताया कि **SMS** कोड्स को आसानी से फिश किया जा सकता है, यूजर्स हमेशा उस डिवाइस तक एक्सेस नहीं रखते जिस पर कोड भेजा गया हो और उनकी सिक्योरिटी मोबाइल कैरियर्स की प्रैक्टिसेस पर निर्भर करती है। **Richendrfer** ने आगे कहा कि, अगर कोई फ्रॉडस्टर आसानी से किसी के फोन नंबर पर कंट्रोल पा सकता है तो **SMS** की सिक्योरिटी वैल्यू खत्म हो जाती है।

गूगल **SMS** वेरिफिकेशन को दो मुक्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करता है। सिक्योरिटी और अब्यूज कंट्रोल। पहला उद्देश्य ये सुनिश्चित करना कि यूजर वही व्यक्ति है जो पहले से अकाउंट यूज कर रहा था और दूसरा ये रोकना कि धोखाधड़ी करके हजारों जीमेल अकाउंट्स क्रिएट न कर सके।

**SMS** कोड्स से जुड़ा एक बड़ा फ्रॉड जिसे गूगल ने हाल ही में पहच. ाना है, वह ट्रैफिक पंपिंग है। इसे ऑर्टिफिशियल ट्रैफिक इन्फ्लेशन और टोल फ्रॉड भी कहा जाता है। गूगल के मुताबिक, ये तब होता है जब फ्रॉडस्टर्स ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर्स को बड़े पैमाने पर बल्क **SMS** भेजने के लिए प्रेरित करते हैं और हर डिलीवर हुए **SMS** के लिए पैसे कमाते हैं। इस तरह के फ्रॉड के कारण भी गूगल **SMS** बेस्ड ऑथेंटिकेशन को खत्म करने की योजना बना रही है।







# ट्रम्प ने लगाया 4 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध

## ईरान से तेल व्यापार करने पर बौखलाया अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन कंपनियों पर अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उन सभी का जुड़ाव ईरान के तेल उद्योग से है। प्रतिबंधित की गई इन कंपनियों में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से यह कदम ईरान पर दवाब बनाने के लिए लगाए हैं। अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोके. मिकल उद्योग से कथित जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया, जिनमें से चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां आस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कासमास लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी हैं।

बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों को चिन्हित किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंध लगाया जा रहा है। विदेश विभाग ने वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के साथ मिलकर, 22 व्यक्तियों पर भी प्रतिबंध लगाए तथा ईरान के तेल उद्योग से उनके जुड़ाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में उनके 13 जहाजों को प्रतिबंधित संपत्ति के रूप में चिन्हित किया है। अमेरिका की ओर से यह फैसला अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करने क लिए उठाया गया है, जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। अमेरिका का मानना है कि तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से मदद दे रहा है। उसके इस कदम से ईरान की आर्थिक गतिविधियों पर नकेल कसेगा और आतंकवाद वित्तपोषण को रोक पाएगा।

### ये हैं भारतीय कंपनियां

- ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
- बीएसएम मरीन एलएलपी
- कॉसमॉस लाइन्स इंक
- फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी

# युद्धविराम बढ़ाने को तैयार हुआ इजरायल

- इजरायली विदेश मंत्री गिडियोन सार ने यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को बताया इरादा



**बदले में इजरायल द्वारा 30 फलस्तीनी कैदी और हर बंधक के बदले में 50 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई हो रही है। दूसरे चरण के समझौते के लिए बातचीत हो रही है।**

**...गिडियोन सार**
**विदेश मंत्री इजरायल**

**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** इजरायल के विदेश मंत्री गिडियोन सार ने कहा है कि बंधकों की रिहाई के लिए उनका देश हमास के साथ युद्धविराम को बढ़ाने के लिए तैयार है। ब्रूसेल्स में यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को सूचित करते हुए इजरायली विदेश मंत्री ने यह बात कही। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया कि बंधकों की रिहाई के बगैर कोई युद्धविराम नहीं होगा। इस बैठक में इजरायली विदेश मंत्री के अलावा हंगरी, रोमानिया, बुल्गारिया, फिनलैंड, स्लोवाकिया आदि देशों के विदेश मंत्री मौजूद रहे। इजरायली विदेश मंत्री सार ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और युद्ध का भी यही उद्देश्य तय किया है। सार ने ईरान पर भी कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। इजरायली मीडिया ने दो अंतर्राष्ट्रीय राजनयिकों के हवाले से दावा किया है कि युद्धविराम के पहले चरण के दौरान हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने के दौरान समारोह आयोजित करने से आतंकवादी समूह के गाजा में सत्ता में बने रहने की संभावनाओं को काफी नुकसान पहुंचाया है। हमास ने इन समारोह के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि अभी भी उसका गाजा पर नियंत्रण बना हुआ है। हालांकि इजरायल और अन्य कई देशों ने बंधकों की रिहाई के लिए आयोजित हो रहे इन समारोहों को अपमानजनक करार दिया और इन्हें रोकने की मांग की। इजरायली मीडिया के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा पर नियंत्रण के सुझाव ने भी अरब देशों पर दबाव डाला है कि वे गाजा के युद्ध के बाद के प्रबंधन पर ध्यान दें और हमास को सत्ता से हटाएं।

वरिष्ठ अरब राजनयिक के हवाले से इजरायली मीडिया ने दावा किया है कि हमास भी गाजा पर से नियंत्रण छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन वह हथियार छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच पहले चरण का युद्धविराम समझौता अभी चल रहा है और यह मार्च की शुरुआत तक चलेगा। 19 जनवरी 2025 से लागू हुए 42 दिन के इस युद्धविराम समझौते में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है, जिनमें महिला नागरिक, सैनिक, बच्चे और 50 साल से ज्यादा उम्र के नागरिक शामिल हैं।



## यूरोपीय संसद सदस्य रीमा के इजरायल में प्रवेश पर रोक

**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** वहीं इजरायल ने यूरोपीय संसद सदस्य रीमा हसन को देश में प्रवेश से रोक दिया। हसन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया और मीडिया साक्षात्कारों में इजरायल के खिलाफ बहिष्कार को बढ़ावा दिया है। 32 वर्षीय हसन, जो सीरिया के अलेप्पो में पैदा हुई और यूरोपीय संसद में वामपंथी समूह की सदस्य हैं, यूरोपीय संघ-फलस्तीन प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में इजरायल आई थीं। हालांकि इजरायल के इस फैसले के बाद हसन के कार्यालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्यालय ने कहा कि उन्हें इजरायल में प्रवेश से वंचित करने का निर्णय बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। बता दें कि इससे पहले इजरायल ने एक नया कानून पारित किया था, जिसके तहत उन लोगों का इजरायल में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा, जिन्होंने हमास के हमले का खंडन किया है या इजरायली सैनिकों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अभियोजन का समर्थन किया है। यह कानून उन लोगों पर भी लागू होता है, जो इजरायल के खिलाफ बहिष्कार के आह्वान करते हैं। रीमा हसन और उनके साथ आए अन्य यूरोपीय सां. सदों ने हाल ही में गाजा में इजरायल के कार्यों की आलोचना की थी। साथ ही यूरोपीय संघ-इजराइल एसोसिएशन समझौते को तत्काल निलंबित करने का आह्वान किया था। यह समझौता इजराइल और यूरोपीय संघ के बीच राजनीतिक और आर्थिक रिश्तों को रेखांकित करता है। हसन ने यूरोपीय संघ मुख्यालय के बाहर एक रैली का भी आह्वान किया था।

## भारत के साथ आपसी हितों पर आधारित संबंध चाहते हैं: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश भारत के साथ आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंध चाहता है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मो. तौहीद हुसैन ने सोमवार यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, हुसैन ने कहा, बांग्लादेश निश्चित रूप से अपना रुख तय करेगा, लेकिन साथ ही भारत को भी यह तय करना होगा कि वह बांग्लादेश के साथ किस तरह के संबंध चाहता है। यह एक आपसी मामला है और इसे कहने में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का भारत के साथ संबंधों को लेकर स्पष्ट रुख है। उन्होंने आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंधों के महत्व पर जोर दिया। हुसैन ने कहा, हमारे रुख में कोई अस्पष्टता नहीं है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत प्रवास के दौरान दिए गए बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि उनके बयान ढाका-दिल्ली संबंधों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों को आपसी सम्मान और साझा हितों को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। बांग्लादेश की सरकार भारत के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा जारी है।

## पाक में सैन्य अभियान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान के दौरान 10 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को बयान में कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

सुरक्षाकर्मियों ने प्रभावी तरीके से ठिकाने पर हमला किया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया। बयान के अनुसार, क्षेत्र में किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए निकासी अभियान जारी है।

## भारत-जापान सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास, धर्म गार्जियन का छठा संस्करण सोमवार को जापान के ईस्ट फूजी प्रशिक्षण क्षेत्र में शुरू हुआ। इस अभ्यास को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इसे पहले से कही अधिक बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है और इसमें पहली बार सैनिकों की भागीदारी को कंपनी के स्तर तक बढ़ाया गया है।

उद्घाटन समारोह में जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स प्रथम डिवीजन के कमांडिग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरियमी सेजी सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच अधिक सहयोग और आपसी समझ को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त अभ्यास न केवल दोनों सेनाओं की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा बल्कि भारत-जापान रक्षा संबंधों को मजबूत करने में भी योगदान देगा। अभ्यास का यह संस्करण 9 मार्च तक चलेगा। संयुक्त अभ्यास में विशेष रूप से शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियान शामिल होंगे।













